सूर्योदय 6:24 सूर्यास्त 5:46

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.4 न्यू | 22.0 अधि |
| धर्मशाला | 15.6 न्यू | 26.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81224.75 |
| निफ्टी | 24854.05 |
| सोना 77,667 | चांदी 97,249 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 19 अक्तूबर 2024 | 3 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 303, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



कोहली के 9,000 टेस्ट रन

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### जापान में 5.1 तीव्रता के भूकंप के लगे झटके




**नई दिल्ली।** भूकंप के मामले में दुनियाभर में तेजी से बढ़ रहे हैं। हर दिन कहीं न कहीं भूकंप आते हैं और वह भी एक से ज्यादा। कुछ देशों में तो अक्सर ही भूकंप आते हैं और इन देशों में जापान भी शामिल है। शुक्रवार को जापान में एक बार फिर भूकंप आया, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 5.1 रही। यह भूकंप नोडा से 48 किलोमीटर ईस्टर्न नॉर्थ ईस्ट में आया।

### बेअदबी मामले में राम रहीम के खिलाफ सुनवाई का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2015 में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी से जुड़े मामलों में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के खिलाफ सुनवाई का रास्ता शुक्रवार को साफ कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवाई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा इन मामलों में सुनवाई पर लगाई गई रोक हटा दी और राम रहीम से जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार की याचिका पर यह फैसला लिया और वह मामले में चार हफ्ते बाद सुनवाई करेगी।



### सलमान खान के लिए आया धमकी भरा मैसेज, 5 करोड़ मांगे

**मुंबई।** बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद लॉरेंस बिश्नोई और सलमान खान के बीच का विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। गैंगस्टर बिश्नोई से लगातार सलमान खान को मौत की धमकियां मिल रही हैं। हाल ही में मुंबई ट्रैफिक पुलिस को एक धमकी भरा व्हाट्सएप मैसेज भी मिला था, जिसमें सलमान खान से 5 करोड़ रुपए की मांग की गई थी। अब इसे लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। इसी बीच सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यहां एके-47 जैसे हथियारों के साथ पुलिस मौजूद है।

### शोपियां में बिहार निवासी का गोलियों से छलनी शव बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शुक्रवार को पुलिस ने बिहार निवासी एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि शोपियां जिले के जैनपोरा क्षेत्र के वंडुना गांव में बिहार निवासी अशोक चौहान का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- चलती कार में अचानक लगी आग, बाल-बाल बचा चालक — पेज 2
- पौंग विस्थापितों के लंबित मामले शीघ्र निपटाएंगे — -पेज 5
- मेडिकल कॉलेज में नहीं मिल पा रही सिटी स्कैन की रिपोर्ट — -पेज 6
- धनोटू थाने की सरकारी गाड़ी का आरोपी ने तोड़ा शीशा — -पेज 9
- सड़क सुविधा से जुड़ेगा आदिबद्री, जुड़ेंगे हिमाचल-हरियाणा — -पेज 12


# सुक्खू सरकार ने कुल्लू दशहरे के बहाने छह देशों को हिमाचल में दिया निवेश का न्योता

## एंबेसडर्ज मीट में उज्बेकिस्तान, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान, ब्रुनेई के राजदूत और रूस व गुयाना के प्रतिनिधि पहुंचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव-2024 के बहाने सुक्खू सरकार ने विदेशी निवेशकों को हिमाचल में निवेश का न्योता दिया है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुल्लू जिले के मौहल में आयोजित एंबेसडर्ज मीट की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार ने वर्ष 2027 तक राज्य को आत्मनिर्भर और 2032 तक देश के सबसे समृद्ध राज्यों में शामिल करने का लक्ष्य रखा है। इस बैठक में छह देशों के राजदूतों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पर्यटन, हरित ऊर्जा, डाटा स्टोरेज, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य संबंधित क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया है। कुल्लू जिले की विशेष पहचान को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देशी-विदेशी पर्यटक यहां की अद्‌भुत सुंदरता से आकर्षित होते हैं। प्रदेश सरकार समग्र रूप से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलता है और यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को संबल देता है। इस अवसर पर निदेशक पर्यटन विवेक भाटिया ने राज्य के पर्यटन क्षेत्र की बुनियादी अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण के बारे में जानकारी दी।

उज्बेकिस्तान के राजदूत सरदार रुस्तमबाकू, तजाकिस्तान के लुकोम बोबोकालोनजोडा, कजाकिस्तान के नूरलम झालगासबेयेव, ब्रुनेई के दातो अलैहुद्दीन मोहम्मद ताहा, गुयाना के सेकेंड सेक्रेटरी हनानी बेन लेवी, विधायक भुवनेश्वर गौड़, अनुराधा राणा, सुरेंद्र शौरी और लोकेंद्र कुमार, निदेशक शहरी विकास नीरज कुमार, कुल्लू की उपायुक्त तोरुल एस रवीश भी इस अवसर पर उपस्थित थे।




कुल्लू के मौहल में आयोजित एंबेसडर्ज मीट में भाग लेने पहुंचे छह देशों के राजदूत व प्रतिनिधि, साथ हैं सीएम सुक्खू व अन्य।

# बेनामी संपत्ति कानून पर सुप्रीम कोर्ट का यू-टर्न

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को अपने 2022 के उस फैसले को वापस ले लिया, जिसमें बेनामी संपत्ति लेन-देन पर रोक लगाने वाले कानून के दो प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित किया गया था। ये प्रावधान ऐसे सौदों और संपत्तियों को अधिकारियों द्वारा कुर्क किए जाने पर रोक लगाते हैं।

**2022 का अपना ही फैसला लिया वापस**



प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 23 अगस्त, 2022 के फैसले पर केंद्र की समीक्षा याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व सीजेआई एनवी रमण की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ द्वारा दिए गए फैसले को वापस ले लिया। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2022 के अपने फैसले में तब माना था कि बेनामी संपत्ति लेन-देन निषेध अधिनियम, 1988 की धाराएं 3 (2) और पांच 'स्पष्ट रूप से मनमानी' होने के कारण असंवैधानिक थीं। अधिनियम की धारा-3 बेनामी (किसी व्यक्ति द्वारा अन्य व्यक्ति के माध्यम से रखी गई संपत्ति) लेन-देन पर रोक से संबंधित है, जबकि धारा-पांच कुर्क करने योग्य बेनामी संपत्ति से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों से सहमति जताई कि इन दोनों प्रावधानों की वैधता को तत्कालीन पीठ के समक्ष चुनौती नहीं दी गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने ईशा फाउंडेशन के खिलाफ कार्यवाही की बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने एक व्यक्ति की, कोयंबटूर में आध्यात्मिक नेता जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के परिसर में उसकी दो बेटियों को बंधक बनाकर रखे जाने का आरोप लगाते हुए दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर कार्यवाही शुक्रवार को बंद कर दी।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि दोनों महिलाएं बालिग हैं और उन्होंने कहा है कि वे स्वेच्छा से तथा बिना किसी दबाव के आश्रम में रह रही थीं।

बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका किसी ऐसे व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश देने का अनुरोध करते हुए दायर की जाती है जो लापता है या जिसे अवैध रूप से बंधक बनाकर या हिरासत में रखा गया है। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

# बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में पकड़े पांच और आरोपी



**मुंबई।** बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अब तक कुल 9 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि पांच आरोपियों की गिरफ्तारी नवी मुंबई, कर्जत और डोम्बिवली इलाके से की गई है। वहीं, पहले से गिरफ्तार चार आरोपी 21 अक्तूबर तक के लिए पुलिस कस्टडी में हैं।

# ईडी ने की 56 करोड़ रुपए से ज्यादा की 35 संपत्तियां जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईडी ने पीएमएलए के तहत पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के स्वामित्व वाली 56.56 करोड़ रुपए की 35 संपत्तियां जब्त की हैं।




16 अक्तूबर 2024 को 35.43 करोड़ रुपए की 19 संपत्तियां जब्त की गईं, जबकि 16 अप्रैल 2024 को 21.13 करोड़ रुपए की 16 संपत्तियां जब्त की गईं। ईडी की जांच एनआईए और अन्य एजेंसियों द्वारा दर्ज एफआईआर पर आधारित है, जिसमें पीएफआई के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं। पीएफआई ने आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए भारत और विदेश में बैंकिंग चैनलों, हवाला और दान के माध्यम से पैसे जुटाए। कई राज्यों में 29 पीएफआई बैंक खातों में 94 करोड़ रुपए जमा किए गए। इस बीच 26 पीएफआई सदस्य गिरफ्तार हुए। फरवरी 2021 और मई 2024 के बीच 9 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गईं।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में विधायक अब्बास अंसारी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी को शुक्रवार को जमानत दे दी। अब्बास अंसारी, गैंगस्टर एवं पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के पुत्र हैं। मुख्तार अंसारी की कुछ महीने पहले जेल में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति एमएम, सुंदरेश और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में राहत दी। उच्चतम न्यायालय ने 14 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर अंसारी की उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा, ''इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि जांच पूरी हो चुकी है, आरोप-पत्र पहले ही दायर किए जा चुके हैं और याचिकाकर्ता इस मामले में करीब डेढ़ साल से अधिक समय से हिरासत में है।



# जम्मू-कश्मीर कैबिनेट से राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पारित

**एजेंसी, श्रीनगर**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

आधिकारिक सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक में जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार से राज्य का दर्जा बहाल करने की अपील की।

सूत्रों की मानें तो प्रस्ताव का मसौदा तैयार कर लिया गया है और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आने वाले दिनों में दिल्ली आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह मसौदा सौंपेंगे।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने की। इसमें उपमुख्यमंत्री सुरिंद्र चौधरी और मंत्री सकीना मसूद इटू, जावेद अहमद राणा, जावेद अहमद डार और सतीश शर्मा शामिल हुए। जेकेपीसीसी (जेके प्रदेश कांग्रेस कमेटी) अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने पत्रकारों से कहा कि हमारी पार्टी तब तक जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होगी, जब तक कि राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता।

# 18 महीने बाद जेल से बाहर निकले 'आप' नेता सत्येंद्र जैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 18 माह बाद दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत दे दी है। सत्येंद्र को 30 मई 2022 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। हालांकि, 26 मई 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने जैन को मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत दी थी। अब जमानत के बाद सत्येंद्र जैन की रिहाई की रास्ता साफ हो गया है। सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने पर उनकी बेटी श्रेया जैन ने कहा कि हमें हमेशा से पता था कि ऐसा होगा, यह बस समय की बात है। हम बहुत खुश हैं कि अदालत ने हमें न्याय दिया है, लेकिन मुझे लगता है कि इस साल दिवाली हमारे लिए जल्दी आ गई। हम खुश हैं और हम उनका बड़े उत्साह से स्वागत करेंगे।



# रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान भव्य ड्रोन शो करवाएगी योगी सरकार

**एजेंसी, अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या में भक्ति, अध्यात्म, आधुनिकता और संकल्प की शक्ति को सार्थक करने में जुटी योगी सरकार दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए एरियल ड्रोन शो का आयोजन करेगी। सीएम योगी के विजन अनुसार, अयोध्या के आकाश में रंग-बिरंगी रोशनी युक्त 500 ड्रोन के जरिए भव्य एरियल ड्रोन शो का आयोजन होगा। इसके जरिए, दीपोत्सव के दौरान मुख्य कार्यक्रम में 15 मिनट तक एरियल ड्रोन शो आयोजन होगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 'मेड इन इंडिय' ड्रोन का इस्तेमाल होगा।

एरियल ड्रोन शो के जरिए प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की वीर मुद्रा का लोग दर्शन कर सकेंगे और इस कार्यक्रम में लेजर लाइट्स, वॉयस ओवर व म्यूजिकल नैरेशन के जरिए समां बांधा जाएगा।

रावण वध, पुष्पक विमान, दीपोत्सव, राम दरबार, वाल्मीकि, तुलसीदास और राम मंदिर को भी अयोध्या के आकाश में ड्रोन के जरिए दर्शाया जाएगा, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो उठेंगे। वहीं, दीपोत्सव, यूपी सरकार व पर्यटन विभाग के लोगो भी कार्यक्रम में अयोध्या के आकाश पर साकार हो उठेंगे।




# चोटियों पर गिरे फाहे, 8 जिलों में हो सकती है बारिश

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के आठ जिलों के कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से 18, 22, 24 अक्तूबर को मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ भागों में बारिश की संभावना जताई गई है। 13,050 फुट ऊंचे रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर लगातार दूसरे दिन बर्फ के फाहे गिरे। हालांकि, कुल्लू और मनाली में मौसम दिनभर धूप खिली रही। अक्तूबर महीने का तीसरा सप्ताह शुरू हो चुका है, ऐसे में ठंड बढ़ गई है। ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज मंडी, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर व लाहौल-स्पीति में हल्की बारिश हो सकती है।




# पुतिन के निमंत्रण पर रूस जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22-23 अक्तूबर को रूस की यात्रा करेंगे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की 16वीं बैठक रूस के कजान में आयोजित की जाएगी।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी रूस की अपनी यात्रा के दौरान ब्रिक्स के सदस्य देशों के अपने समकक्षों और कजान में आमंत्रित नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं। ब्रिक्स के इस साल के शिखर सम्मेलन का विषय 'वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना' है।

# दिल्ली के शाहदरा में फटा एसी, दो की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली के शाहदरा स्थित एक फ्लैट में एसी फटने से आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

मौके पर पहुंचे दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी विधायक रामनिवास गोयल ने कहा कि अगर एसी की सर्विसिंग कराते तो यह हादसा नहीं होता। गोयल ने इस घटना को दर्दनाक बताया। उन्होंने कहा कि वह इस घटना के संबंध में स्थानीय पुलिसकर्मियों के संपर्क में हैं। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि हमारी कोशिश रहेगी कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

# ईडी के शिकंजे में फंसी तमन्ना भाटिया, कई घंटे हुई पूछताछ

**एजेंसी, मुंबई**

मनी लॉन्ड्रिंग के हाई-प्रोफाइल मामले में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का नाम जुड़ गया है। एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े इस मामले में ईडी ने उनसे गुवाहाटी स्थित दफ्तर में पूछताछ की। हालांकि, तमन्ना से आरोपी के तौर पर नहीं बल्कि ऐप को प्रमोट करने के सिलसिले में पूछताछ की गई है। इस मामले में कई फर्जी कंपनियों द्वारा 'डमी' निदेशकों के नाम पर बैंक खाते और मर्चेंट आईडी खोले गए थे, जिन पर देशभर में छापेमारी कर 455 करोड़ रुपए की संपत्ति और जमा राशि जब्त की गई।



भाटिया ने एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़े एक इवेंट में 'सेलिब्रिटी अपीयरेंस' के लिए भुगतान प्राप्त किया था। यह ऐप वर्तमान में मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों की जांच के दायरे में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तमन्ना भाटिया पर कोई 'आरोपित' आरोप नहीं लगाए गए हैं। इससे पहले उन्हें समन किया गया था, लेकिन काम की व्यस्तताओं के कारण उन्होंने अपनी उपस्थिति को टाल दिया था। जांच एजेंसी ने एक्ट्रेस को गुवाहाटी के ऑफिस में बुलाया था, जहां वह अपनी मां के साथ पहुंची थीं। खबरों के मुताबिक, एक्ट्रेस से लगभग 8 घंटे तक मामले में पूछताछ की गई। ईडी ने मार्च में दाखिल चार्जशीट में 299 कंपनियों को आरोपी बनाया है, जिनमें से 76 कंपनियां चीनी नियंत्रण में हैं।

## देव संस्कृति

### अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में मौजूद है भगवान शिव का पूरा परिवार, माता हिडिंबा को दी है दादी की उपमा

# इंसानों की तरह देवताओं की भी आपस में बंधी है रिश्तों की डोर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

इंसान ही नहीं बल्कि देवी-देवताओं की भी आपस में रिश्तों की डोर बंधी होती है, जिसका उदाहरण अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे में बखूबी देखने को मिल रहा है। देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में आज भी देव संस्कृति के बूते पूरी दुनिया में अपनी अनूठी मिसाल पेश करने वाले कुल्लू में देवताओं की रिश्तेदारी प्रथा आज तक कायम है, जिसका आज तक देवी-देवता बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। लिहाजा, आम आदमी की तरह देवता भी आपस में रिश्ते की डोर से बंधे हुए हैं। लगघाटी के कतरूसी नारायण को जहां देवताओं के दादा की उपमा दी गई है।

वहीं, राक्षसी प्रवृत्ति को त्याग कर देवी बनी मनाली की आराध्य देवी माता हिडिंबा को देवताओं की दादी कहा जाता है। बाह्य सराज के टकरासी नारायण का खुडीजल देवता के साथ मामा-भांजे के संबंध से भी हर कोई वाकिफ है। जिले में जब भी कोई धार्मिक आयोजन होते हैं, तो यह देवता भी रिश्तेदारी प्रथा को आपसी मिलन के जरिए निभाते हैं। हालांकि, देवताओं के दादा कतरूसी नारायण दशहरा उत्सव में शरीक नहीं होते हैं, लेकिन देवताओं की दादी का दशहरा में अपना महत्वपूर्ण स्थान है, उन्हीं के आगमन से ही दशहरा की देव परंपराओं का आगाज माना जाता है। बाकायदा इसके लिए रघुनाथ जी के छड़ीबरदार या उनकी छड़ी को सम्मानपूर्वक लाने के लिए रामशिला तक जाना पड़ता है।

शिवजी के कोप भाजन के कारण धूप के समय न निकलने वाली भेखली की माता जगरनाथी का भी सम्मान किया जाता है, तभी तो रथयात्रा सूर्य अस्त के बाद निकाली जाती है। कुल्लू घाटी के चप्पे-चप्पे में देवताओं का वास माना जाता है। देवता शृंगा ऋषि को राजा दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने का गौरव प्राप्त है, बालू नाग लक्ष्मणावतार माने जाते हैं। महर्षि वेद ब्यास में जहां विश्व के सबसे प्राचीनतम वेद ऋग्वेद की ऋचाओं को संकलित किया। वहीं, देवताओं की धर्म संसद भी जगतीपट्ट में हैं, जब भी देवी-देवताओं या आम समाज के कोई निर्णय होते हैं, तो उनका सर्वमान्य फैसला यहीं से होता है। मलाणा में देवता जमदग्नि ऋषि स्थित हैं, जिनकी विश्व में अपनी तरह की अदालत लगती है। यह लोग आज भी इसका निर्वहन कर रहे हैं। कुल्लू की देव प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। यहां यक्ष, गंधर्व, किन्नर सहित विभिन्न देवताओं के देव रथ हैं, जो आपस में किसी न किसी तरह से जुड़े हैं, जिसे देव समाज ने रिश्तेदारी प्रथा से जोड़ा है। प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सूरत के अनुसार देवताओं की रिश्तेदारी प्रथा को नकारा नहीं जा सकता, विभिन्न मेलों-त्योहारों पर इसकी झांकी दृष्टिगोचर होती है।

यही नहीं, अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में हर साल शिव भगवान का पूरा परिवार एक स्थान पर मौजूद होता है, जिसमें खराहल घाटी के आराध्य देव बिजली महादेव, चौंग की माता पार्वती, ऊझी घाटी के घुड़दौड़ का गणेश व उनके भाई मनाली से कार्तिक स्वामी शामिल हैं। लोग शिवजी से मन्नत मांगने के लिए इन सभी देवताओं के दर्शन करते हैं। शिवजी का पूरा परिवार हर साल एक ही स्थान पर रहते हैं और पूजा का विधि-विधान भी इनके पास है। इसी कड़ी में इस बार भी शिव भगवान का पूरा परिवार उत्सव में भाग ले रहा है। (अनंत ज्ञान)





देश-विदेश में फैली है कुल्लू के प्रसिद्ध बिजली महादेव और माता पार्वती की महिमा।

### इंसानों की तरह रूठते मनाते हैं देवता

**ढोल**-नगाड़ों की ताल पर झूमते हुए देवता जब आपस में मिलते हैं, तो रिश्तों की गर्माहट व संवेदना का अहसास होता है। वहीं पर किसी बात पर देवता का रूठना व अचानक आगे बढ़ने से इंकार करना भी देवता के मानवीयकरण के पक्ष को उजागर करता है। क्योंकि पहाड़ का देवता दूसरे लोक का वासी नहीं है, जो अदृश्य होता है। बल्कि वह भी मानव की तरह आपसी रिश्तों की डोर में बंधा हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिल्ला स्कूल के 6 होनहारों को मिली छात्रवृत्ति



**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शिल्ला में हिमाचल-उत्तराखंड के होनहार छात्रों को प्रोत्साहित करने वाली जेबीपी फाउंडेशन द्वारा एक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अपनी अपनी कक्षा में प्रथम आने वाले स्कूल के छः छात्रों को छात्रवृति भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपथित रहते हुए फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य एसएन शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कठिन से कठिन परिस्थिति का सामना करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल के छठी से बाहरवीं कक्षा तक प्रथम आने वाले छात्रों को 1100-1100 रुपए छात्रवृति भी प्रदान की।

### भारण स्कूल के छात्रों ने सीखा कंप्यूटर चलाना



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भारण के आईटीईएस विषय के छात्रों ने राजकीय आद्यौगिक संस्थान नेरवा में ऑन जॉब ट्रेनिंग सत्र में चार दिन तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। संस्थान के प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं द्वारा छात्रों को संबंधित विषय की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। छात्रों ने कम्पुयटर की सामान्य जानकारी से लेकर कम्प्यूटर हार्ड वेयर, सॉफ्टवेयर, नेटवर्क इंटरनेट, मोबाइल एप्लीकेशन डेटाबेस और भाषा जैसे पायथन जावा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। चार दिन तक चले इस ऑन जॉब ट्रेनिंग सत्र में संबंधित विषय के अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### लता चौहान के सिर सजा मिसेज करवाचौथ का ताज



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** सुन्नी में करव्राचौथ के उपलक्ष्य में मून डांस एकेडमी के सौजन्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। एकेडमी की निदेशक सीमा सोनी ने बताया कि करवा चौथ के उपलक्ष्य में सुन्नी में नृत्य, संगीत, मॉडलिंग और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में सुन्नी के सामाजिक कार्यकर्ता रिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया और आयोजकों के इस सराहनीय प्रयास के लिए बधाई भी दी। कार्यक्रम में प्रदेश की जानीमानी क्लासिकल डांसर एवं मॉडल मुस्कान तनवर, मिसेज शान ए हिमाचल रही साधना वर्मन, शान ए हिमाचल की फर्स्ट रनरअप रही। ऋतु भाटिया तथा मिस सुन्नी रही वर्षा राणा ने कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिताओं में अव्वल रही लता चौहान को मिसेज करवा चौथ घोषित किया गया।

### सदस्यता अभियान में कांगड़ा प्रथम : तावड़े



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व ने सदस्यता अभियान 2024 के निमित प्रदेश भाजपा की बैठक आमंत्रित की, जिसमें विशेष रूप से राष्ट्रीय महामंत्री व सदस्यता अभियान राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा द्वारा किया गया, बैठक का विषय सक्रिय सदस्यता अभियान 2024 रहा। विनोद तावड़े ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान में अच्छा कार्य करने वाले राज्यों की क्षेणी में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, असम के साथ हिमाचल प्रदेश का नाम भी जुड़ चुका है। तावड़े ने कहा की हिमाचल में कांगड़ा संसदीय क्षेत्र 3.29 लाख सदस्यों के साथ प्रथम स्थान पर चल रहा है वहीं मंडी 2.94 लाख सदस्यों के साथ दूसरे स्थान पर है। विधानसभा की दृष्टि से सुलह, गगरेट, सुंदरनगर, सेराज और कांगड़ा अग्रिम भूमिका के काम कर रहे है। बैठक में सदस्यता अभियान के प्रदेश टोली, सक्रिय सदस्यता अभियान के प्रदेश टोली, प्रदेश पदाधिकारी सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को पढ़ाया वित्तीय साक्षरता का पाठ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अब स्कूलों में भी हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखायों द्वारा बच्चों तक बैंक संबधी योजनाओं की जानकारी व वित्तीय साक्षरता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएम श्री रावमापा बरमाणा में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा बरमाणा ने एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस आयोजन की अध्यक्षता शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक जगदीश राम ने की। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ व बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जगदीश राम ने बच्चों को बैंक की योजना बचत से खाता, आरडी आदि खोलने के बारे में जानकारी देते हुए सपनों का संचय-योजना पर चर्चा की। वहीं, डिपॉजिट लिंक्ड बचत जमा योजना तथा मोबाइल बैंकिंग के बारे में सूचना प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने बैंकिंग सम्बन्धी लेन देन के बारे में अवगत करवाया। उन्होने साइबर सिक्योरिटी के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कब बैंक की स्थापना हुई और अब तक इसमें कितनी जमा पूंजी इत्यादि के बारे में जानकारी भी दी। इसके अलावा फ्रॉड प्रोडक्शन आदि के बारे में भी जानकारी दी।

### टीबी रोगियों को वितरित कीं आहार किटें



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के सीविल अस्पताल बरठीं में श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा टीबी के रोगियों के लिए आहार किटें बांटी गईं, ताकि उन्हें खाने में उचित पोषण मिल सके। बरठीं क्षेत्र के आसपास के लगभग 13 टीबी रोगियों ने आहार कीटे प्राप्त कीं। इस मौके पर श्री सत्य साई सेवा समिति के प्रमुख पीएल जनेऊ ने बताया कि बरठीं अस्पताल में कीटे बांटी। इसमें बरठीं क्षेत्र के 13 लोग यहां आए थे। हम पूरे जिले में इस तरह की कीटे बंटते रहते हैं। बता दें कि क्षय रोग टीबी एक गंभीर बीमारी है जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। क्षय रोग पैदा करने वाले कीटाणु एक प्रकार के बैक्टीरिया होते हैं। टीबी रोग तब फैल सकता है जब बीमारी से पीड़ित व्यक्ति खांसता, छींकता या गाता है। इससे रोगाणुओं के साथ छोटी बूंदें हवा में फैल सकती हैं। फिर कोई दूसरा व्यक्ति उन बूंदों को सांस के साथ अंदर ले सकता है और रोगाणु फेफड़ों में प्रवेश कर जाते हैं। टीबी उन जगहों पर आसानी से फैलती है जहां लोग भीड़ में इकट्ठा होते हैं या जहां लोग भीड़-भाड़ वाली जगहों पर रहते हैं। टीबी कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में सामान्य प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों की तुलना में ज्यादा होता है।

### तलाई व बरठीं में कलाकारों ने जागरूक किए लोग

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग बिलासपुर के सयुंक्त तत्वावधान से नगर पंचायत तलाई व बरठीं में मां वैष्णो सांस्कृतिक कलां मंच बरठीं के कलाकारों ने कार्यकम प्रस्तुत किया। कलाकारों ने गीत-संगीत तथा नुकड-नाटक के माध्यम से आपदा प्रबंधन के बारे में लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने भूकम्प, भूस्खलन, बाढ़ आग से होने वाले नुकसान तथा उससे कैसे बचाव करना चाहिए। कलाकारों नुक्कड़ नाटक के माध्यम आपदा से बचाव की भी जानकारी दी। इस अवसर पर नगर पंचायत के सचिव खेम चंद वर्मा, प्रधानाचार्य राजकुमार, एसएमसी प्रधान अशोक कुमार, ग्राम पंचायत बरठीं के उपप्रधान राजेश मेहता, वार्ड मेंबर ममता उपस्थित रहीं।



### शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल एंड हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2024 का तीसरा कार्यक्रम आयोजित

# पर्यटन से ग्रामीण आर्थिकी होगी मजबूत : अनिरुद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी से सटे जुन्गा क्षेत्र के द ग्लाइड इन साइट पर शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल एंड हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2024 के तीसरे दिन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं दलीप सिंह राणा (द ग्रेट खली) ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की।

ग्रामीण विकास एवम पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह राणा ने कहा कि यहां पर पैरा ग्लाइडिंग की अपार संभावनाओं को निखारा जा रहा है। आज देश भर से 40 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। भविष्य में विदेशों से भी भारी संख्या में प्रतिभागी एक्सपो में हिस्सा लेंगे। यही नहीं स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया होंगे। पर्यटन गतिविधियों से स्थानीय आर्थिकी भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कांगड़ा जिला के बीड़ बिलिंग में पैरा ग्लाइडिंग होने से क्षेत्र की आर्थिकी मजबूत हो चुकी है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्वयं सहायता समूह अग्रणी भूमिका निभा रहे है। स्थानीय उत्पादों को बेहतरीन पैकिंग और गुणवत्ता मानकों के हिसाब से बाजार मुहैया करवाए जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से आह्वान किया कि अपने पारंपरिक वस्तुओं से स्वरोजगार विकसित करने के लिए प्रयास करें। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत कर रहे दलीप सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए मैं अपना हमेशा योगदान देता हूं। शिमला से मेरा काफी लगाव है। संघर्ष के दिनों की शुरुआत शिमला से हुई थी। अब यहां पैरा ग्लाइडिंग जैसे साहसिक खेलों की शुरुआत होना टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए बड़ी बात है।



फ्लाइंग फेस्टिवल के दौरान मौजूद अनिरुद्ध सिंह व दलीप सिंह राणा।

#### द ग्रेट खली ने कहा-नशे से दूर रहे युवा पीढ़ी

#### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**मुख्यातिथि** और विशिष्ट अतिथि ने फेस्टिवल में लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के कार्य की तारीफ की। लोगों ने खाद्य, हस्तशिल्प, हथकरघा, फर्नीचर के उत्पादों की भी खरीदारी की।

## मोहन लाल ने किया टोडसा गुमणा सड़क का निरीक्षण

**दशमी रावत, रोहड़ू**



निरीक्षण दौरान विधायक मोहन लाल ब्राक्टा व अन्य।

मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुमणा गांव का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने टोडसा से गुमणा सड़क का निरीक्षण किया, जो हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-4) के तहत सर्वेक्षणित की गई थी।

इस दौरान ब्राक्टा ने घोषणा की है कि इस सड़क के विकास के लिए जल्द ही फंड का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क को बेहतर बनाने और इसे यातायात के लिए सुरक्षित बनाने का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस सेवा जल्द ही इस मार्ग पर शुरू हो सके, जिससे यहां के निवासियों को बेहतर यातायात सुविधाएं मिल सकें।

इस दौरे के दौरान कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

इस मौके पर ब्राक्टा ने कहा कि गुमणा क्षेत्र की यह सड़क न केवल ग्रामीणों के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे कृषि और बागवानी को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में सांस्कृतिक संध्या की धूम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान ने अपने 59वें स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत 17 अक्टूबर को एक रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम संस्थान के पूल थियेटर में आयोजित किया गया, जिसमें संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य सहयोगियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसे वंदना ने प्रस्तुत किया।

इसके बाद विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई, जिनमें लावणी नृत्य, छोटे बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, फोक सॉन्ग, भांगड़ा, गिद्दा, और हिमाचली नाटी जैसे मनोरंजक प्रदर्शन शामिल थे। इसके साथ ही, संस्थान ने एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

## मानदेय के लिए भटक रहे आईजीएमसी के कर्मी : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार अपने चुनावी वादे को भूल गई है और कांग्रेस द्वारा चुनाव के दौरान दी गई गारंटियों के विपरीत कार्य कर रही हैं।

कांग्रेस सरकार में लोगों को नौकरी मिलना तो दूर की बात है, हर दिन नौकरियां छीनी जा रही हैं। कांग्रेस सरकार पांच लाख युवाओं को नौकरी देने के नाम पर सत्ता में आई थी नौकरी से निकालने के नाम पर नहीं। मुख्यमंत्री के अपने हलके नादौन में जलशक्ति के डिवीजन से अब तक लगभग 80 से ज्यादा लोगों को नौकरी से निकाला जा चुका है और लोगों को निकाले जाने की तैयारी हो रही हैं। बिना किसी नोटिस के निकाले गए लोगों में ज्यादातर लोग ऐसे हैं जो पंद्रह साल से आउटसोर्स कर्मी के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

सरकार ने एक बार भी ऐसे लोगों के परिवार के बारे में नहीं सोचा। उस छोटी तनख्वाह से लोगों का परिवार पल रहा था। बच्चों की पढ़ाई से लेकर बुजुर्गों की दवाई का सहारा सरकार ने छीन लिया। सरकार इस तानाशाही से बाज आए और पहले से नौकरी कर रहे लोगों को निकालने से बाज आए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आईजीएमसी में काम करने वाले सफाई और सुरक्षा कर्मियों चार-चार महीने से मानदेय नहीं मिला है।

## एसएफआई ने किया प्रदर्शन

**शिमला।** एसएफआई संजौली इकाई द्वारा महाविद्यालय में 6 छात्रों के अवैध निष्कासन को रद्द करने हेतु महाविद्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया।

वहीं छात्रों ने मांग उठाई के 6 छात्रों के निष्कासन को तत्काल वापस लिया जाए और जिन प्रोफेसर द्वारा महाविद्यालय के अंदर छात्रों से दुर्व्यवहार किया गया उन पर सख्त कर्रवाई की जाए।

## बिगड़ी कानून व्यवस्था के विधायक व मंत्री जिम्मेदार : चेतन बरागटा

**दशमी रावत, जुब्बल**



कार्यकर्ता एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में बिगड़ती कानून-व्यवस्था के खिलाफ भाजपा मंडल जुब्बल कोटखाई ने एसडीएम जुब्बल गुरमीत सिंह नेगी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा सहित मंडल के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। चेतन बरागटा ने कहा कि जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति गंभीर रूप से विफल हो गई है। कांग्रेस सरकार के विधायक व मंत्री के संरक्षण मे भ्रष्टाचार व जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों का उत्पीड़न आम बात हो गई है। बरागटा ने कहा कि पिछले कुछ दिन पहले कानून व्यवस्था की बिगड़ती हालत के कई उदाहरण देखने को मिले है।

बरागटा ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि कांग्रेस सरकार के संरक्षण में बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के मध्यनज़र राज्यपाल को निर्देशित करें कि कानून व्यवस्था को ध्वस्त करने वाले संबंधित तत्वों के खिलाफ कानूनन कार्रवाई करें। (अनंत ज्ञान)

## एचआरटीसी ने नई लगेज पॉलिसी की दरें घटाई : एमडी

**शिमला।** एमडी एचआरटीसी रोहन चंद ठाकुर ने शिमला में कहा कि लगेज पॉलिसी में दरें कम की गई है न कि बढ़ाई गई हैं। सवारी अपना बैग या घरेलू उपयोग के लिए 30 किलो तक सामान बिना किराए के अपने साथ ले जा सकता है।

रोहन चंद ठाकुर ने कहा कि सवारी के बिना पहले से 40 किलो तक पूरा किराया और 40 अधिक पर दो सवारियों का किराया लिया जाता है इसमें भी दरें कम कर श्रेणियों में विभाजित किया है। बैग या घरेलू चीज का 30 किलो तक किराया नहीं लिया जाएगा।

## राज्यपाल ने निर्मल ठाकुर को प्रथम सप्त सिंधु लाइफटाइम अवॉर्ड किया प्रदान

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में निर्मल ठाकुर को शिक्षा, साहित्य और सामाजिक जीवन के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए सप्त सिंधु फाउंडेशन दिल्ली द्वारा आयोजित प्रथम महाराजा दाहिर सेन सप्त सिंधु लाइफटाइम अवॉर्ड प्रदान किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने फाउंडेशन को महाराजा दाहिर सेन के नाम पर सप्त सिंधु अवॉर्ड स्थापित करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि वेदों में सप्त सिंधु का उल्लेख है।



अवॉर्ड देते हुए राज्यपाल।

## चलती कार में अचानक लगी आग, बाल-बाल बचा चालक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



घुमारवीं थाना के तहत आने वाले कसारु गांव में सड़क से गुजरती कार में आग लग गई। कार चालक समय रहते गाड़ी से बाहर निकल गया। ऐसे में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। आग के कारण बीस लाख रुपए की कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना वीरवार रात करीब 11 बजे हुई। जानकारी के मुताबिक बैरी कस्बे के नीरज शर्मा अपनी कार से जा रहे थे कि अचानक गाड़ी से धुंआ निकलने लगा। उन्होंने गाड़ी को रोक कर गाड़ी का बोनट खोला तो देखा कि बोनट के अंदर आग लग चुकी थी। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें देखते ही देखते पूरी तरह फैल गई।

घुमारवीं के रचित ने बताया कि उनका एक मकान कसारु के नजदीक है। वीरवार को वह नीरज के साथ कसारु वाले मकान में गए थे। जहां पर कुछ जरूरी काम था। रात करीब 11 बजे नीरज चंडीगढ़ जाने के लिए अपनी कार से निकला। करीब दो किलोमीटर दूरी पर पहुंचा था कि अचानक गाड़ी से धुंआ निकलने लगा।

नीरज ने बाहर निकलकर गाड़ी का बोनट खोल कर देखा तो बोनट के अंदर से आग की लपटें निकल रही थीं। आग के कारण गाड़ी से जोर से धमाके होने लगे। इस दौरान आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची, लेकिन आग के कारण बीस लाख रुपए की गाड़ी जलकर राख हो गई। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रपाल ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिलासपुर में सड़कों पर उतरे सभी समुदाय

### शहर के गुरुद्वारा चौक से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक निकाली सद्भावना रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश में दिन-प्रतिदिन बिगड़ रहे माहौल को लेकर शुक्रवार को बिलासपुर में विभिन्न राजनीतिक दलों व धर्मों के लोगों द्वारा सर्वधर्म सद्भावना रैली का आयोजन किया गया। यह सद्भावना रैली बिलासपुर शहर के गुरुद्वारा चौक से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक निकाली गई। इस यात्रा में सभी धर्मों के लोगों ने सड़कों पर उतरकर भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए।

इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। इसमें सरकार से मांग की गई कि प्रदेश के शांतप्रिय महौल को खराब करने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। इस मौके पर इंटक के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता भगत सिंह वर्मा, पूर्व विधायक केके कौशल, सीपीएम से विजय शर्मा, लखनपाल शर्मा, समाज सेवी बिजली महंत, जिप सदस्य प्रोमिला बसु सहित कई मौजूद रहे।





#### क्या बोले नेता?

**उपायुक्त** कार्यालय में रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह भ्रम और विभाजन की राजनीति कर रही है, जिससे देश को बांटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के लोग मिलकर देश की रक्षा करेंगे और कट्टरपंथियों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। वहीं, सीपीआई के प्रदेश सचिव अधिवक्ता परवेश चंदेल सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश का माहौल किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं देंगे। धर्म के आधार पर प्रदेश व जिला की शांति को किसी को भी खराब नहीं करने दिया जाएगा। अल्पसंख्यक समुदाय के विरुद्ध रची जा रही साजिशों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। अपरोक्ष रूप से भाजपा व एबीवीपी पर जमकर प्रहार किए।

## विधायक जम्वाल ने विकास कार्यों को लेकर घेरी कांग्रेस सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश में विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बात-बात पर केंद्र पर हिमाचल की अनदेखी के साथ ही भाजपा नेताओं पर विकास कार्यों में अड़ंगे अटकाने का झूठा आरोप भी लगाते रहते हैं, जबकि उन्हीं की सरकार के मंत्री सड़कों के लिए पैसा मिलने पर केंद्र सरकार का आभार जता रहे हैं। सच्चाई भी यही है कि केंद्र से हिमाचल को पूरी मदद मिल रही है, लेकिन प्रदेश सरकार अपने हिस्से का काम नहीं कर रही है। भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे लाइन प्रोजेक्ट इसका एक उदाहरण है। 75:25 के अनुपात में बन रहे इस प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश सरकार अपने हिस्से का पैसा नहीं दे रही है। भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे प्रोजेक्ट का काम केंद्र से मिले पैसे से ही युद्ध स्तर पर चल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार इसमें अड़ंगा अटकाने पर आमादा है। यह प्रोजेक्ट 75:25 के अनुपात में बन रहा है। 25 फीसदी हिस्से के लिहाज से प्रदेश सरकार पर 1441 करोड़ रुपये की देनदारी है, लेकिन वह अपना यह हिस्सा देने का नाम तक नहीं ले रही है।

## नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस कंपटीशन शुरू

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस कंपटीशन कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें बिलासपुर जिला शिक्षा उपनिदेशक जोगिंद्र राव मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज ने की। इस दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में जिला बिलासपुर के शिक्षा खंड घुमारवीं 1 और घुमारवीं 2 की लगभग 90 पाठशालाओं के 550 बच्चे भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में तीन तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित हैं। इसमें जूनियर, सीनियर और सीनियर सेकेंडरी शामिल हैं।

## बरठीं अस्पताल में एक डॉक्टर ही जांच रहा मरीजों की नब्ज

**गोपाल कपिल, झंडूता**

सिविल अस्पताल बरठीं में एक चिकित्सक लोगों की नब्ज जांच रहा है। अस्पताल में सात स्वीकृत पद होने पर भी डॉक्टर के पद रिक्त हैं, जिससे क्षेत्र के लोग परेशानी से जूझ रहे हैं। सिविल अस्पताल बरठीं क्षेत्र भर की करीब 30 पंचायतों का केंद्र बिदु है।

इह्रमें सुन्हाणी, बरड, कजैल,शेर, तुगड़ी, मोही, कोटलू, बल्हसीणा, दसलेहड़ा, झबोला, भडोलियां, शाहतलाई, मलराव, कोसरिया, कडोह घाट, जड्डू, कलोल, मरोतन, छत, करलोटी के लोग भारी संख्या में यहां पहुंचते हैं। यहां प्रतिदिन 200 से 300 के करीब ओपीडी होती है। यह सारा दारोमदार मात्र एक डॉक्टर के सहारे चल रहा है, जबकि महीने भर में डिलीवरी का आंकड़ा भी इस अस्पताल में 15 के करीब है। जिलाभर में बिलासपुर के बाद डिलीवरी मामले में भी यह सिविल अस्पताल दूसरे स्थान पर है। पंकज कुमार, राम सिंह, रतन लाल, दिनेश कुमार, प्यारे लाल आदि का कहना है कि बरठीं अस्पताल में डॉक्टर न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अस्पताल में एक ही डॉक्टर होने की वजह से मरीज का सारा दिन वहीं बर्बाद हो जाता है, इसलिए उनकी प्रशासन से मांग है कि नागरिक अस्पताल बरठीं में जल्द से जल्द डॉक्टर उपलब्ध करवाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

## बिजली उपभोक्ताओं ई-केवाईसी करवाएं

**घुमारवीं।** बिजली बोर्ड द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। घुमारवीं विद्युत उपमंडल-1 के सहायक अभियंता सन्नी कुमार जगोता ने बताया कि विद्युत उपमंडल-1 के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं की विद्युत मीटर खाता संख्या को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए ई-केवाईसी 20 अक्तूबर को की जाएगी। घुमारवीं शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी विद्युत उपमंडल-1 के कार्यालय घुमारवीं में की जाएगी। कोठी तथा उसके आसपास के क्षेत्र के उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी ग्राम पंचायत कार्यालय कोठी में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 तक होगी। केवाईसी करवाने के लिए उपभोक्ता के पास राशन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली बिल होना चाहिए।

## लोगों की शिकायत पर उपायुक्त ने खैरियां में लिया मकानों का जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने शुक्रवार को बेहल के समीप खैरियां गांव का दौरा किया। जहां उन्होंने लोगों की शिकायत पर मकानों में आई दरारों का जायजा लिया। गौरतलब है कि खैरियां गांव पास से भानुपल्ली से बिलासपुर रेलवे लाइन के अंतर्गत कंपनी द्वारा बनाई जा रही टनल नंबर-10 का निर्माण किया जा रहा हैं। गांववालों का कहना है कि इस टनल के निर्माण के दौरान अनियंत्रित ब्लास्टिंग से गांव के कई मकानों में दरारें आई हैं, जिसके चलते उपायुक्त ने मौके पर जाकर वस्तुस्थिति जानी। उपायुक्त ने बताया कि यह मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन, जिसके चलते सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों रेलवे प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों और कंपनी को मौका पर बुलाया गया। इस मौके पर उन्होंने दरारें आई हुई मकानों का जायजा लिया और प्रोजेक्ट के निर्माण से पूर्व मकानों के लिए फोटो भी मौके पर देखें। उन्होंने सभी अधिकारियों को तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट बनाकर कार्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं। मौके पर एसडीएम सवारघाट सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पक्ष-विपक्ष अब लोकतंत्र के पहिये नहीं, ब्रेकें बन गई हैं : शांता कुमार

हिमाचल के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजनीति के 'भीष्म पितामाह' तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार से वकालत छोड़कर राजनीति में पदार्पण से लेकर सत्याग्रह के दौरान जेल में रहने और मुख्यमंत्री बनने तक का सफर, लेखक बनने तथा पारिवारिक सपोर्ट इत्यादि विषयों को लेकर **'अनंत ज्ञान'** की रिपोर्टर **रीत वशिष्ट** ने खास बातचीत की। शांता ने इस दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए राजनीति के अवमूल्यन पर गहरी चिंता चिताई। पेश हैं बातचीत के मुख्यांश :-

***सवाल : आपका राजनीति में पदार्पण कब और कैसे हुआ?***

**जवाब:** मेरा राजनीति में सीधा प्रवेश नहीं हुआ। जब मैं थुरल में सनातन धर्म स्कूल में पढ़ता था तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से काफी प्रभावित हुआ। दसवीं पास करने के बाद मैं घर-परिवार छोड़कर संघ का प्रचारक बन गया और दो-तीन साल तक प्रचारक बना रहा। इसके बाद लगा कि मुझे आगे पढ़ना चाहिए, इसलिए मैं शिक्षा पूरी करने के लिए वापस घर आ गया। शिक्षा के संदर्भ में अपने पिता के एक मित्र पंडित अमरनाथ के पास गया तो उन्होंने मुझे एक स्कूल में अध्यापक की नौकरी दिलवा दी। अभी मुझे अध्यापन करते हुए केवल 17 दिन ही हुए थे कि जम्मू-कश्मीर का आंदोलन शुरू हो गया। मुझे संघ की ओर से आदेश हुआ कि आपको कांगड़ा जिले के सत्याग्रहियों को साथ लेकर जम्मू-कश्मीर में सत्याग्रह करना है। वहां जाकर मैंने सत्याग्रह किया और हिसार जेल में भी रहा। वहां से वापस आने के बाद मैं आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए दिल्ली चला गया। इसके बाद पालमपुर में वकालत शुरू करने के बाद मुझे भारतीय जनसंघ में शामिल किया गया। इस प्रकार से मेरा राजनीति में प्रवेश हुआ।

***सवाल : क्या यह वही घटना है, जब एक 19 साल के लड़के को टमाटर लेने के लिए भेजा और वह 9 माह बाद वापस लौटा?***


**जवाब:** ऐसा है कि स्कूल में पढ़ाते समय मुझे कहा गया था कि मुझे सत्याग्रह करने के लिए जम्मू-कश्मीर जाना है। जब मैं अपने घर गढ़ जमूला आया तो मेरी बहन पुष्पा, जो अब इस दुनिया में नहीं है, उस समय अस्वस्थ थी। मैंने कहा कि मैं सोमवार से सत्याग्रह करने जा रहा हूं, तो उसने कहा कि मेरे लिए टमाटर लेकर रख जाना। मुझे तो मालूम था कि मैं अब न तो स्कूल जाऊंगा और न ही घर वापस आऊंगा तो मैंने कहा ठीक है मैं तुम्हें टमाटर दे जाता हूं, लेकिन मैं तो सीधा पठानकोट चला गया और वहां से सत्याग्रह करने के लिए जम्मू। मुझे याद है कि 8-9 महीने के बाद जब मैं वापस घर लौटा तो मेरी बहन ने कहा कि ला मेरे टमाटर, कहां हैं वो? ऐसा कहते हुए वह मेरे साथ लिपट गई। इस प्रकार टमाटर भी मेरे जीवन का एक किस्सा बन गए।

***सवाल : जेल में रहकर आपके जीवन में क्या बदलाव आया? आपने और कितने लोगों को संघ से जोड़ा?***

**जवाब:** संघ एक सांस्कृतिक संस्था है, जिसका मुख्य उद्देश्य चरित्र निर्माण और देशभक्त लोग तैयार करना है। अच्छे, ईमानदार और देशभक्त लोग। संघ इसी विचारधारा और सोच को लेकर आगे बढ़ रहा है। जहां तक मेरी बात है तो मैं तो आज भी संघ का एक सच्चा स्वयंसेवक हूं। जेल में भी मैं संघ की शाखा लगाता रहा हूं। वहां भी संघ के स्वयंसेवक के रूप में ही काम किया है।

***सवाल : ऐसा क्या हुआ कि आपको वकालत छोड़कर राजनीति में आना पड़ा?***

**जवाब:** मेरी तो यह इच्छा थी कि मैं खूब पढ़ाई करूं। मैं एमए करूं, पीएचडी करूं और फिर एक अच्छे विश्वविद्यालय में अध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दूं, लेकिन घर की परिस्थितियां ऐसी थीं कि परिवार वाले मुझे कॉलेज नहीं भेज सके। ऐसे हालात में मुझे नौकरी करनी पड़ी। मैंने प्राइवेट ही बीए की। जब मैं दिल्ली में एक स्कूल में अध्यापक था तो मेरी इच्छा थी कि मैं हिंदी में एमए करूं। उस समय राजनीति में जाने का कोई विचार नहीं था। जिस स्कूल में मैं पढ़ाता था वहां मुझे महीने के 800 रुपए मिलते थे, जो कि काफी कम थे। उस समय दिल्ली यूनिवर्सिटी में एमए के दाखिले शुरू हो गए थे। जब मैं दाखिला लेने पहुंचा तो पता चला कि हिंदी एमए में तो दाखिले बंद हो गए हैं। मायूस होकर जब मैं अपने दोस्तों के साथ लौट रहा था तो वहां कुछ विद्यार्थी यह बोलते हुए सुने कि बाकी विषय में तो दाखिले बंद हो गए हैं, लेकिन एलएलबी में अभी हो रहे हैं। मैंने सोचा साल बर्बाद करने से बेहतर है कि मैं एलएलबी में दाखिला ले लूं। इच्छा तो थी एमए और पीएचडी करके एक प्रोफेसर बनकर वहां रहने की थी, लेकिन मजबूरी में एलएलबी करनी पड़ी। एलएलबी करने के बाद मैंने दिल्ली में दो साल वकालत की और फिर पालमपुर आ गया और यहां भारतीय जनसंघ से जुड़ गया।



पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से
**खास बातचीत**

***सवाल : आपने वकालत के समय कोई केस भी लड़ा था?***

**जवाब:** सच कहूं तो वकालत में तो मेरा दिल ही नहीं लगा। न तो मुझे वकालत रास आई और न ही वकालत को मैं। मैं तो ईमानदारी और सच्चाई की राह पर चलने वाले संघ का स्वयंसेवक था। वकालत में तो झूठ बोलना पड़ रहा था इसलिए मैंने वकालत छोड़कर पालमपुर में ही एक प्रिंटिंग प्रेस शुरू कर दी। कुछ दिन के बाद मैंने जनसंघ की ओर से चुनाव लड़ा और एमएलए बन गया।

***सवाल : 1992 में जब विवादित बाबरी ढांचा गिराया गया तो उसके बाद कांग्रेस ने आपकी राज्य सरकार को भी गिरा दिया। केंद्र सरकार ने ऐसा क्यों किया?***

**जवाब:** 1992 में पूरे देश में राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन शुरू हुआ था। उसमें हमारी पार्टी और आरएसएस भी शामिल थे। सभी का कहना था कि राम मंदिर अयोध्या में नहीं बनेगा तो फिर कहां बनेगा। जब अयोध्या में बाबरी मस्जिद को तोड़ा गया तो केंद्र सरकार ने चार राज्य सरकारों को गिरा दिया, उनमें एक हिमाचल की हमारी सरकार भी थी। हम उस समय अदालत में भी गए और कहा कि मस्जिद गिराने में न तो मैं वहां गया और न ही हमारे लोग। हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं, लेकिन अदालत ने हमारी एक भी नहीं सुनी और हमारी सरकार को गिरा दिया गया, जो कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था।

***सवाल : आपने कुछ किताबें भी लिखी हैं। इस बारे में कुछ बताना चाहेंगे?***

**जवाब:** 1975 में जब इमरजेंसी में मैं 19 महीने हिसार जेल में रहा तो वहां मैंने तीन उपन्यास लिखे थे- 'कैदी', 'मन की बात' और 'लाजो'। हालांकि, मेरी पहली पुस्तक 'धरती है बलिदान की' थी, जो कि मैंने उस समय लिखी थी, जब मैं कांगड़ा के गुग्गंगा में संघ का प्रचारक था। सच कहूं तो मेरे लेखन में गंभीरता और निखार शादी के बाद आया। इसका कारण यह था कि मेरी पत्नी स्कूल में हिंदी विषय पढ़ाती थी और हिंदी में एमए थी। उन्हें भी लिखने का काफी शौक था। हम दोनों ने लेखन कार्य में एक-दूसरे को काफी सहयोग और प्रोत्साहन दिया। अब तक मेरी कुल 21 पुस्तकें छप चुकी हैं। मेरी पत्नी की भी 16 पुस्तकें छपी हैं।

***सवाल : आपको पानी वाले मुख्यमंत्री के नाम से भी जाना जाता है। इसके पीछे की वजह क्या है?***

**जवाब:** आपातकाल में 19 महीने जेल में रहने के बाद जब मैं बाहर आया तो चुनाव लड़ने के बाद सीएम भी बन गया। तब मन में विचार आया कि कोई ऐसा काम करूं, जिसकी लोगों को बहुत जरूरत हो। मुझे अपनी बहन पुष्पा की बहुत याद आती थी। मैं सोचता था कि अगर वह आज जिंदा होती तो मुझे सीएम के रूप में देखकर बहुत खुश होती। उसकी याद में मैंने हिमाचल की अपनी सभी बहनों के लिए कुछ ऐसा करने के बारे में ठान लिया, ताकि सच्ची श्रद्धांजलि दे सकूं। वर्ष 1978 की बात है कि एक दिन मैंने अपने पीए को बुलाया और कहा कि रक्षाबंधन के दिन मैं आकाशवाणी से अपने प्रदेश की सभी बहनों को एक संदेश देना चाहता हूं। रक्षाबंधन के दिन मैंने आकाशवाणी से संदेश दिया, 'हिमाचल प्रदेश की मेरी बहनों, आज रक्षाबंधन के दिन मैं आपको एक उपहार दे रहा हूं। उपहार यह है कि मैं आपके सिर पर से पानी का घड़ा उतारूंगा और पानी का नल आपके घर के दरवाजे पर लेकर आऊंगा।' अपनी बहन पुष्पा की याद में मैं घर-घर पानी पहुंचाने के काम में दिन-रात जुट गया। यह काम हमने यज्ञ के रूप में किया और काफी हद तक इसमें सफलता प्राप्त की। यही वजह हो सकती है कि लोग मुझे पानी वाले मुख्यमंत्री के नाम से ज्यादा जानते हैं।

## आप क्या सोचकर पक्ष और विपक्ष की निष्पक्ष भाव से तारीफ करते हैं?

यह देश का दुर्भाग्य है कि अब राजनीति का अवमूलयन हो रहा है। लोकतंत्र दो पहियों का रथ है। दोनों चलेंगे तो लोकतंत्र मजबूत होगा। पक्ष और विपक्ष अब पहिये नहीं रहे, बल्कि ब्रेकें बन गई हैं। दोनों एक-दूसरे के कार्यों पर ब्रेकें लगाने का काम कर रहे हैं। मुझे याद है जब मैं पहली बार एमएलए बना था तो उस वक्त परंपरा यह थी कि बजट पेश करते वक्त बजट की अच्छी बातों पर विपक्ष तालियां बजाता था और तारीफ करता था। अच्छी बात चाहे कोई भी करे उसकी तारीफ करने की हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मुझे सरकार की कोई अच्छी बात लगती है तो मैं उसकी तारीफ कर देता हूं। विडंबना यह है कि आजकल विरोधी दल को सरकार की कोई अच्छी चीज दिखाई ही नहीं देती। और सरकार को भी विरोधी दल की कोई अच्छी बात जचती ही नहीं। यह राजनीति के अवमूल्यन का कारण है।

## तुम्हारे प्यार की पाती...

**हम** लोग कविताएं और शे'र-ओ-शायरी भी कर लेते थे। जब मैं जेल में था तो मेरी पत्नी ने मुझे एक खत लिखा और उसमें एक शे'र लिखा था, 'उजाले अपनी यादों के हमारे पास रहने दो, न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए...'। इससे मुझे उसकी मनोस्थिति और चिंता का बोध हुआ। लगा कि वह निराशा में चली गई थी। मैंने भी उसे जवाब में एक पत्र लिखा जिसमें ये पंक्तियां लिखीं,' तुम्हारे प्यार की पाती, रहे नित दिन जेल में आती, न जाने कौन सी पाती तुम्हारे पास ले आए।' मैंने उसे आशा बंधाने के लिए उसी के अंदाज में ये पंक्तियां लिखीं।

***सवाल : कहते हैं कि एक सफल व्यक्ति के पीछे एक नारी का बहुत योगदान होता है। आपकी सफलता में आपकी पत्नी का कितना योगदान है?***

**जवाब:** मेरी पत्नी का मेरे जीवन में बहुत योगदान रहा है। बहुत ही ज्यादा। वह मेरे साथ 60 साल रही है। उसने हर कदम पर मेरा साथ दिया। उसका मेरे जीवन में क्या हाथ रहा, इसकी एक मिसाल देता हूं। जब मैं इमरजेंसी में 19 महीने जेल में था तो मेरा बेटा बीमार हो गया। इस दौरान मैं सात दिन की पैरोल पर जेल से बाहर निकलकर घर आया। यहां 6 दिन के बाद मुझे वापस जेल जाना था। उन दिनों मेरे एक मित्र घर आए, जो कि डॉक्टर कर्ण सिंह के काफी करीबी थे। उन्होंने मुझसे कहा कि आपको पता है कि कांग्रेस प्रधान ने क्या कहा है? मैंने कहा कि मुझे सब पता है। उन्होंने कहा कि जेल के दरवाजे अब कभी भी नहीं खुलेंगे। सारी उम्र जेल में रहना पड़ेगा। इन बच्चों का क्या होगा? उन्होंने कहा कि मेरे डॉ. कर्ण सिंह से काफी करीबी रिश्ते हैं। मैंने तीन लोगों को जेल से छुड़ाने के बारे में उनसे बात कर ली है। आपको बस एक कागज पर इतना लिखना होगा कि आप जेपी नारायण के आंदोलन के साथ कोई संबंध नहीं रखेंगे। इतना सुनकर मैं तो बिलकुल चुप हो गया। मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि क्या कहूं और क्या नहीं। इससे पहले कि मैं कुछ कहता मेरी धर्मपत्नी ने बड़े ही गुस्से में कहा कि यह क्या कह रहे हैं आप? ये कुछ नहीं लिखेंगे, जेल में रहेंगे और परिवार को मैं संभाल लूंगी। आप चाय पिएं। ये ऐसा कुछ नहीं करेंगे। इतनी बहादुर थी मेरी पत्नी। मेरे दोस्त को तो उससे माफी मांगनी पड़ी थी। ऐसे कई किस्से हैं, जब वह जिंदगी के हर कदम पर मेरे साथ खड़ी रही। सच कहूं तो संतोष जैसी जीवन साथी के कारण ही मैं देश की इतनी सेवा कर पाया हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### कैलेंडर वर्ष 2025 में 24 राजपत्रित अवकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कैलेंडर वर्ष 2025 में 24 राजपत्रित अवकाश होंगे। प्रदेश सरकार ने कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए राजपत्रित, वैकल्पिक, प्रतिबंधित अवकाश की सूची जारी कर दी है। कर्मचारियों की मौजूदा वर्ष के मुकाबले दो अतिरिक्त सार्वजनिक अवकाश मिलेंगे। इसी तरह महिला कर्मचारियों के लिए तीन राजपत्रित अवकाश होंगे। ये अवकाश नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स अधिनियम 1881 की धारा 25 के तहत महिला कर्मचारियों के लिए तथा दैनिक वेतनभोगी महिला कर्मचारियों के लिए भी होंगे। कैलेंडर ईयर 2025 में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स 1881 एक्ट के तहत 16 राजपत्रित अवकाश होंगे। इसके अलावा 12 वैकल्पिक छुट्टियां होंगी। आगामी वर्ष सात छुट्टियां रविवार के दिन पड़ रही हैं। प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना जारी की है। सभी सरकारी कर्मचारियों को दो प्रतिबंधित छुट्टियों का लाभ उठाने के लिए अधिकृत किया जाएगा। सरकार के अनुसार राज्य के उपायुक्तों को संबंधित जिले/क्षेत्र में महत्वपूर्ण मेलों और त्योहारों के उत्सव के संबंध में वर्ष 2025 के दौरान अपने अधिकार क्षेत्र में दो स्थानीय अवकाश घोषित करने के लिए अधिकृत किया गया है।

### धुपसड़ी के अमनदीप की अमेरिका में संदिग्ध मौत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जिले के हलका भोआ अधीन आते गांव धुपसड़ी के रहने वाले युवक की विदेश अमरीका में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान अमनदीप सिंह 40 वर्षीय पुत्र बुआ सिंह निवासी धुपसड़ी कीड़ी गंडियाल हलका भोआ के रूप में हुई है, जबकि परिवार को युवक की मौत का कारण पेट की आंतड़ी फट जाना पता चला है। मृतक युवक के पिता बुआ सिंह ने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है और काफी मुश्किल से कर्ज उठाकर बेटे को अमरीका भेजा था। हालांकि पहले अमनदीप सिंह अमरीका के एक रेस्टोरेंट में काम करता था और अब कुछ दिन पहले ही वे विदेशी ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य दस्तावेज पूरे कर ट्रक ड्राइवर बना था। पिछले कले अमनदीप सिंह फोन के माध्यम से पूरे परिवार से बातचीत करके कहा था कि वे ठीक है और मेक्सीको ट्रक लेकर आया है। वीरवार सुबह परिवार को अमनदीप सिंह के साथ रिश्तेदार ने फोन के माध्यम से बताया कि अमनदीप सिंह की पेट की आंतड़ी फट जाने से मौत हो गई है। दूसरी ओर ब्लॉक नरोट जैमल सिंह समिति चेयरमैन राज कुमार सिहोडा परिवार के साथ दुख सांझा करने के लिए मृतक के घर पहुंचे और उन्होंने आश्वासन दिया कि एमपी सुखजिंदर सिंह रंधावा के ध्यान में मामला ला दिया गया है। जल्द केंद्र सरकार के साथ तालमेल करके गरीब परिवार के बेटे के शव को विदेश से भारत उनके पैतृक गांव में लाया जाएगा।

# शानन का 100 साल तक पंजाब ने किया दोहन, अब हिमाचल को सौंपे : सीएम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला मंडी के जोगिंद्रनगर स्थित 110 मेगावाट क्षमता के ऐतिहासिक शानन पावर हाउस का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने टरबाइन, अल्टरनेटर, एक्साइटर, कंट्रोल रूम सहित पावर हाऊस के विभिन्न सेक्शन का दौरा किया और अधिकारियों से यहां विद्युत उत्पादन से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बरोट से पावर हाऊस तक पानी लाने के लिए उपयोग में लाई जा रही प्राचीन ट्रॉली का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करना उनके आज के दौरे का उद्देश्य रहा है। अभी इसका संचालन पंजाब सरकार के पास है। शानन परियोजना को लेकर पंजाब सरकार के साथ बातचीत चल रही है और इस बारे में पत्राचार भी किया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के पक्ष में इस परियोजना की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है, इसलिए पंजाब को इस परियोजना को हिमाचल प्रदेश को सौंपना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब को अब इसे छोटे भाई हिमाचल को सौंप देना चाहिए।



शानन पावर हाउस का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ठाकुर।

### सीएम ने किया ऊहल परियोजना का निरीक्षण

सीएम सुक्खू ने ऊहल परियोजना के तृतीय चरण का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को पूरा करने के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने इस परियोजना की सॉवरन गारंटी के रूप में 85 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व भी इस वर्ष मार्च, 2024 में 100 करोड़ रुपए परियोजना को प्रदान किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई सालों से इस परियोजना का कार्य चल रहा है और इस कारण इसकी लागत भी बड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के तहत नहीं आती है। परियोजना को लेकर पंजाब सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई है। इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय सभी को मान्य होगा।

इस अवसर पर शानन परियोजना के अधीक्षण अभियंता राजेश कुमार, अधिशाषी अभियंता सतीश कुमार, ऊहल परियोजना चरण-3 के प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा, कांग्रेस प्रदेश सचिव जीवन ठाकुर, राकेश धरवाल व राकेश चौहान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष पवन ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### नजरें सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर

मुख्यमंत्री के इस दौरे को राज्य के लिए शानन परियोजना पर दावा ठोकने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। अब सभी की नजरें सुप्रीम कोर्ट के फैसले और पंजाब सरकार के रुख पर टिकी है। क्षेत्र के लोगों में केंद्र की भाजपा सरकार से भी इस मामले को लेकर उम्मीदें हैं। यदि फैसला हिमाचल के पक्ष में नहीं आता है, तो पूरे हिमाचल को निराशा के साथ लोगों में भी इसका बहुत असर पड़ेगा, जिसका प्रभाव आने वाले विधानसभा चुनाव में भी पड़ेगा, इसलिए इस मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस को एक होने की जरूरत है। यदि भाजपा और कांग्रेस एक न होकर केवल राजनीति करती है, तो जनता दोनों को धूल चटा सकती है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जोगिंद्रनगर में तीसरा विकल्प आने की पूरी संभावना है।

# राहत : जोगिंद्रनगर से बैजनाथ पपरोला रेल सेवा हुई बहाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जोगिंद्रनगर और बैजनाथ पपरोला के बीच रेल सेवा शुक्रवार से पुन: बहाल की गई। रेलवे प्रशासन ने जानकारी दी कि दो जोड़ी ट्रेनों का संचालन इस रूट पर शुरू होगा।

पहली ट्रेन, संख्या 04601, बैजनाथ पपरोला से सुबह 8 बजे चलेगी और 9:35 बजे जोगिंद्रनगर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04602 जोगिंद्रनगर से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान करेगी और दोपहर 12 बजे बैजनाथ पपरोला पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन, संख्या 01609, बैजनाथ पपरोला से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान करेगी और 14:35 बजे जोगिंद्रनगर पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 01610 जोगिंद्रनगर से दोपहर 15:30 बजे चलेगी और शाम 17:00 बजे बैजनाथ पपरोला पहुंचेगी। ये ट्रेनें बीच में आहजू स्टेशन पर दोनों दिशाओं में ठहरेंगी। इससे पहले, 26 सितंबर 2024 को बैजनाथ पपरोला-कांगड़ा के बीच रेल सेवा बहाल की जा चुकी है।

# सीएम सुक्खू प्रदेश के हितों की हानि कर रहे : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के हितों के मद्देनजर निरंतर की जा रही अरबों रुपए की आर्थिक सहायता को नकारते हुए मोदी सरकार को लगातार बुरा भला कहने से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के हितों की हानि कर रहे हैं।

पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एकमुश्त एक लाख से अधिक पक्के मकान गरीबों के लिए उपलब्ध कराए गए और ये केवल घोषणा नहीं अपितु इसकी धनराशि प्रदेश सरकार व लाभार्थी को प्रेषित कर दी गई है। यह स्वागत योग्य कदम है परंतु प्रदेश की सरकार व कांग्रेस पार्टी द्वारा इस गरीब कल्याण के कार्य का स्वागत न करना, इसकी उपेक्षा करना प्रदेश के गरीबों के साथ खिलवाड़ है।

**सरोकार**

## 'हिमाचली इन पुणे' संस्था पुणे में हिमाचलियों के लिए कर रही काम

# संस्था हमेशा खड़ी है हिमाचल के लोगों के साथ : प्रियंका

**शुभम राही, बिलासपुर**

अगर आप हिमाचली हैं, और पुणे में रह रहे हैं, और नौकरी के तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं तो आपको घबराने की कोई बात नहीं है। 'हिमाचली इन पुणे' नाम की एक संस्था पुणे जैसे बड़े आईटी सेक्टर में रहकर हिमाचलियों के लिए कार्य कर रही है।

लगभग 50 से अधिक लोग अभी तक इस संस्था के साथ जुड़ चुके हैं और यह लोग आपसी तालमेल और हिमाचलियों की मदद करने में जुटे हुए हैं। 'हिमाचली इन पुणे' नाम की यह संस्था सोशल मीडिया पर काफी प्रचलित हुई है, क्योंकि हिमाचलियों के इस ग्रुप ने अभी हाल ही में एक समागम का भी आयोजन किया, जिसमें सभी हिमाचलियों को एक स्टेज पर आमंत्रित किया और सभी के साथ वार्ता कर संस्था के हित में काफी कुछ निर्णय भी लिए गए।



संस्था की वरिष्ठ सदस्य प्रियंका ने बताया कि संस्था का उदेश्य हिमाचलियों की मदद करना है। क्योंकि नौकरियों की तालाश में हिमाचल के काफी युवा-युवतियां आईटी सेक्टर पुणे और बेंगलुरु की ओर रूख करते हैं, लेकिन ज्यादातर हिमाचलियों को भाषा, रहने और खाने की काफी दिक्कत आती है। ऐसे में संस्था ने एक उदेश्य के साथ आगे बढ़ते हुए हिमाचल से आए हुए लोगों की मदद करने के लिए आगे हाथ बढ़ाए और हिमाचल से आने वाले लोगों की मदद की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अगर कोई भी हिमाचली पहली बार पुणे में आ रहा है तो वह संस्था के साथ संपर्क कर सकता है। संस्था का सोशल मीडिया पर भी अपना पेज है, जिससे वह संपर्क करके अपनी समस्या को बता सकते हैं और मदद ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक संस्था के सदस्य काफी लोगों की मदद कर चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि संस्था हमेशा हिमाचल के लोगों के साथ खड़ी रहती है। (अनंत ज्ञान)

### पार्ट टाइम नौकरी दिलवाने में मदद करती है संस्था

पुणे जैसी सिटी में इंग्लिश व साउथ भाषा ज्यादा बोली जाती है ऐसे में हिमाचल के युवा को काफी अधितकतों का सामना करना पड़ता है। अगर कोई हिमाचली युवा यहां पर पढ़ाई करने के लिए आते हैं तो इस संस्था के लोग उनको पार्ट टाइम नौकरी दिलवाने में भी मदद करती है। उनकी संस्था के कुछ पदाधिकारी जल्द ही हिमाचल में आकर हिमाचल के मुख्यमंत्री के साथ भी मिलेंगे। उन्होंने हिमाचल सरकार से मांग की है कि इस तरह से अन्य राज्यों में भी कार्य कर रही हिमाचली संस्था को सरकार द्वारा पूरी मदद की जाए।

# दो युवक नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** सोलन पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक गाड़ी, जिसमें दो युवक मनोहर लाल व अनिल कुमार बैठे है, पडियार की तरफ से नशीले पदार्थ लेकर आ रहे है। इस सूचना पर पुलिस ने मुमक चौक पर नाकाबंदी करके उक्त गाड़ी को चैकिंग के लिए रोका।

गाड़ी में बैठे दो युवकों से 3 किलो से ज्यादा चुरा पोस्त, करीब 20 ग्राम अफीम व 54 ग्राम चरस बरादम हुई। मामले की जांच के दौरान वारदात में संलिप्त गाडी को जब्त लिया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी पहले भी आपराधिक वारदातों में शामिल रहे हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। मामले में जांच जारी है।



# देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा

सीपीएस एवं चेयरमैन
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू
दशहरा उत्सव कमेटी

उपाध्यक्ष

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

कमलेश वर्मा (परी)
प्रभारी कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
मो. 97360-75360,86298-97600

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं

Heartiest Congratulations on the occasion of Dussehra Festival 2024

From
GCL GROUP
USAKA HYDRO POWERS (P) LTD.
GAUR HYDRO POWER (P) LTD.

V.P.O. Badal (Khalara Nallah)
Tehsil & Distt. Kullu (H.P.)

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश कुमार शर्मा
डीएफओ वन्य प्राणी विभाग कुल्लू

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं

सुखविंदर सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री हि.प्र.

राजीव किमटा
प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस

नगर परिषद् कुल्लू की ओर से
दशहरे
की हार्दिक शुभकामनाएँ

गोपाल कृष्ण महन्त
अध्यक्ष

कार्यकारी अधिकारी

सहायक अभियन्ता

चन्दन प्रेमी
उपाध्यक्ष

वार्ड न01 आशा महंत
वार्ड न02 कृष्णा ठाकुर
वार्ड न03 निर्मला
वार्ड न04 दानवेन्द्र सिंह
वार्ड न05 राजकुमार(खान)
वार्ड न07 राजेश ठाकुर
वार्ड न08 शालिनी राय भारद्वाज
वार्ड न010 उमा पाल
वार्ड न11 अमिता महंत राजवीर
मनोनीत पार्षद ज्ञान चन्द
मनोनीत पार्षद बिरेन्दर शर्मा
मनोनीत पार्षद विशाल सूद
मनोनीत पार्षद सोनी देवी

अंतरराष्ट्रीय
कुल्लू दशहरा
उत्सव
की हार्दिक
शुभकामनाएं

गोपाल कृष्ण महंत (काका)
अध्यक्ष नगर परिषद कुल्लू

ICCR
ICICI Bank
NHPC

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव-2024
समापन समारोह
के अवसर पर
श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश
के पधारने पर हार्दिक अभिनंदन

आयोजक: कुल्लू दशहरा उत्सव समिति, कुल्लू (हि.प्र.)

## न्यूज ब्रीफ

### स्काउट्स ने गोशाला जमली धाम के लिए किया चारा दान



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में कार्यरत स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा तथा उनके सहयोगी सदस्यों सपना राणा, सुशील कुमार राणा, रतन सिंह रांगड़ा ने गोशाला जमली धाम में गायों के लिए घास की गाड़ी और चारा दान दिया। स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा का कहना है कि स्काउटिंग के माध्यम से हर साल गउओं के लिए चारा देते हैं। स्काउटिंग के नियम के भाग के अनुसार हम मानव जीवन के साथ दूसरे जीवों के प्रति अपनी जिम्मेदारी और सेवा भावना का परिचय देते हुए हम मानवता भलाई के साथ-साथ पशुओं और पक्षियों के प्रति प्रेम भाव से काम करना अपना दायित्व समझते हैं और इसी फर्ज को हम स्काउटिंग के माध्यम से इसे पूरा करने के लिए इस गोशाला आते हैं। गोशाला जमली धाम के अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा तथा उनके सहयोगी सदस्यों का इस पुण्य कार्य में सहयोग करने के लिए सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

### बाल मेला में चित्रकला स्पर्धा में शानवी प्रथम




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला भोटा में शुक्रवार को बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें दैण, मनसूही, सौर, रोपड़ी स्कूल सहित भोटा के 150 विद्यार्थियों और 50 अभिभावकों ने शिरकत की। इस अवसर पर कई आनंदप्रद खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। चित्रकला स्पर्धा में शानवी प्रथम और सरस्वती द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि फैंसी ड्रेस स्पर्धा में भोटा की श्रेया और आरूही, रोपड़ी की तनवी, आर्यांश सहित मनसूही के शिवम और शानवी अपने अपने विद्यालय की स्पर्धा में प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर भोटा स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान वनीता मुख्य आतिथि और रोपड़ी एसएमसी प्रधान दलीप चंद विशिष्ट अतिथि थे, जिन्होंने केंद्रीय मुख्य शिक्षक राजकीय प्राथमिक पाठशाला भोटा संदीप कुमार के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक इंदु बाला, राकेश, राजेश, कुलदीप, अंजना, प्रवीण, मनोरमा, सोनिया, अंबिका, नीलम, पंडित सोनम और सुरेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवियों को तनाव मुक्त रहने के दिए गुर



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के चौथे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षक कमल मनकोटिया ने छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और समाज में सकारात्मक छवि के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने छात्रों को दांतों की सफाई, हाथ धोने के सही तरीकों, साफ कपड़े पहनने और नाखून काटने जैसी आदतें अपनाने की सलाह दी। वहीं, कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार एवं रीता बाली ने बताया कि प्रातःकालीन सत्र में प्रभात फेरी और योगा सत्र का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। प्रभात फेरी के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। योग सत्र ने छात्रों को तनावमुक्त रहने के साथ शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने आज शिविर में संचालित किए जा रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया और पूरे शिविर दल की सराहना की।

### शुभम और उपासना का सबसे बढ़िया भाषण



**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या नादौन में कलस्टर स्तर पर बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 11 स्कूलों के 91 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बाल मेले में भाषण प्रतियोगिता में मण-तरेटी के शुभम और जलाड़ी की उपासना ने क्रमशः लड़कों और लड़कियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी में मण-तरेटी के लविश और धन्याल की तन्वी ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में मण-तरेटी के गोविन्द और अंशुल की जोड़ी ने लड़कों में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लड़कियों में कन्या नादौन की रूहानी और राधिका गुप्ता ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। टीएलएम प्रदर्शनी में जलाड़ी के दिव्यांशु और कन्या नादौन की नव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक गतिविधियों में मण-तरेटी के अभय और कन्या नादौन की अंशिका ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिताओं में कमलाह के दीपांशु और जलाड़ी की ख़ुशी ने म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्पून रेस और सैक रेस (बोरी दौड़) में भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कन्या स्कूल नादौन की प्रिंसीपल मंजू रानी व संस्कृत शिक्षक नरेश मलोटिया ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों की सृजनात्मकता और शारीरिक क्षमता का विकास होता है।

### आयोजनों से युवाओं को मिलती है नई दिशा : सोनी



**अनंत ज्ञान, नादौन।** रमणीक राधे श्याम राम नाटक क्लब बटराण द्वारा इस वर्ष भी रामलीला का मंचन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य एवं नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बतौर मुख्यातिथि किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से जहां समाज और युवाओं में नई सोच व दिशा का सृजन होता है, वहीं आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। उन्होंने नाटक क्लब की गतिविधियों की सराहना करते हुए अपनी ओर से 5100 रुपए दिए। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजीव पटियाल, सचिव प्रताप सिंह पटियाल, उपप्रधान देवेंद्र पटिया व अजय चौधरी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### सीपीयू में छात्रों के अभिभावकों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर के बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्रों की बेंगलुरु की स्ट्रेटेजीज लिमिटेड कंपनी में छात्रों की प्लेसमेंट हुई है। इन विद्यार्थियों को सालाना 8 लाख का पैकेज मिलेता है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने इन विद्यार्थियों के अभिभावकों को सम्मानित किया। कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय यहां पढ़ रहे सभी बच्चों को बेहतर विकल्प उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सबसे ज्यादा अभिभावकों का इसमे अहम रोल होगा क्योंकि जब ट्रेनिंग के लिए बच्चों को भेजते हैं तो वे बाहर नहीं जाना चाहते और जब प्लेसमेंट का समय आता है तो बच्चों के अभिभावक उन्हें बाहर नहीं भेजते। ज्यादातर देखा गया है कि बच्चे प्रदेश से बाहर पढ़ने के लिए उत्सुक रहते हैं, वर्तमान स्थिति को देखते हुए हम अभिभावकों से अपील करते हैं कि बच्चों को प्रदेश से बाहर भेजने से बचें। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों से यह भी अपील की है कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने बच्चों को प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने के लिए भी प्रेरित करें।

---

तकनीकी विवि में किए 1.80 करोड़ रुपए की प्रयोगशालाओं के उद्घाटन पर बोले तकनीकी शिक्षा मंत्री

# निरंतर सुधार और कौशल विकसित करते हुए जीवन में आगे बढ़ें युवा : धर्माणी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने एकदिवसीय दौरे में तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित मुख्य अतिथि राजेश धर्माणी ने एनएसयूआई के सांस्कृतिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह संग्राम-2.0 में शिरकत की। उन्होंने कहा कि कई बार युवा छोटी सी असफलता मिलने पर ही हार मान लेते हैं और प्रयास करना छोड़ देते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के युवा के पास अवसरों की कमी नहीं है। वे तो अब ग्लोबल लेवल पर भी कंपीट कर सकता है। अपने आपको ग्लोबल लेवल के कंपटीशन के लिए तैयार करने हेतु युवाओं को बड़े माइंडसेट के साथ कार्य करना चाहिए। राजेश धर्माणी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने आप में निरंतर सुधार और कौशल विकसित करते हुए जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि युवा सॉफ्ट स्किल्स और अप्रेंटिसशिप के माध्यम से भी कई कोर्स करके अच्छा रोजगार पा सकते हैं। इस दिशा में प्रदेश सरकार विशेष प्रयास कर रही है।



तकनीकी विश्वविद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लेते राजेश धर्माणी व अन्य।

तकनीकी विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए राजेश धर्माणी ने कहा कि इसे उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वे जीवन में बड़ा लक्ष्य तय करके उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें तथा असफलताओं से कभी भी न घबराएं।

शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में लगभग 1.80 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग और इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स की प्रयोगशालाओं के उद्घाटन किया। इस अवसर पर भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालय में विभिन्न सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने माता-पिता की आशाओं और समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए मेहनत करें।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया और समारोह के आयोजन के लिए अपनी ओर से 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शशि कुमार धीमान ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया, जबकि, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में विश्वविद्यालय के डीन डॉ. जयदेव, रजिस्ट्रार केडीएस कंवर, कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## त्योहारी सीजन में बड़ी गाड़ियां बढ़ा रहीं मुश्किलें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

त्योहारी सीजन के चलते हमीरपुर शहर में लोगों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में शहर का मुख्य बाजार में गांधी चौक से भोटा चौक बहुत अधिक होने के कारण सड़के दिन भर लोगों से भरी रहती हैं। भारी भीड़ के चलते कार और अन्य वाहनों के आने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन कार चालक बेरोकटोक अपने वाहन मुख्य बाजार में ले जाते हैं और लोगों के दिक्कत पैदा करते हैं।

करवाचौथ के व्रत के लिए एक दिन शेष है, ऐसे में शुक्रवार को दिनभर महिलाओं की बहुत ज्यादा भीड़ देखने को मिली। भीड़ होने के कारण वाहनों को पार्क करने से महिलाओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा, ऐसे में कई बार बड़ी गाड़ियों को निकालने के लिए भी खासी मशक्कत करनी पड़ी।



बाजार में त्योहारी सीजन में लगी लोगों की भीड़।

**लोगों की मांग-गांधी चौक से भोटा चौक तक बड़ी गाड़ियां होनी चाहिए बंद**

बाजार में खरीददारी करने आई महिलाओं का कहना है कि त्योहार को देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस को दिन के समय इस रास्ते से कार व अन्य बड़े वाहनों की आवाजाही बंद करनी चाहिए, ताकि उन्हें राहत मिले।

इस बारे में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने आग्रह किया कि बाजार में अधिक भीड़ होने के चलते गाड़ियों को पार्किंग में पार्क कर खरीददारी करने के लिए आएं।

## चिन्हित स्थानों पर ही पटाखों की करें बिक्री

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** दीपावली के पर्व के दौरान आग की घटनाओं को रोकने के लिए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पंचायत जनप्रतिनिधियों और व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, ग्राम पंचायत भोरंज, पपलाह, झरलोग के प्रधान, व्यापार मंडल जाहू और पट्टा के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। दीपावली के दौरान पटाखों की बिक्री के संबंध में बैठक में व्यापक चर्चा की गई तथा पटाखों की बिक्री के लिए स्थान निर्धारित किए गए। एसडीएम ने सभी अधिकारियों, पंचायत प्रधान और प्रधान व्यापार मंडलों को पटाखों की बिक्री निर्धारित स्थानों पर ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कांगड़ा बैंक के कर्मचारियों को भी मिलेगा डीए का लाभ : पठानिया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को अक्तूबर माह का वेतन 4 फीसदी डीए की किस्त के साथ चार दिन पहले ही दिए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि कांगड़ा बैंक के कर्मचारियों को भी एरियर सहित डीए का लाभ अक्तूबर माह के वेतन के साथ ही दे दिया जाएगा। इस बाबत बैंक के प्रबंध निदेशक को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कह दिया गया है।

पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश की कमजोर आर्थिक स्थिति से बेहतरीन ढंग से निपटते हुए सभी वर्गों को कुछ न कुछ राहत देने के कदम उठा रहे हैं।

**बोले-बैंक ने 64.27 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया**

बैंक की आर्थिक स्थिति पर बात करते हुए बैंक के अध्यक्ष ने बताया कि 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में बैंक ने 2016 से कर्मचारियों के छठे वेतमान का बकाया, लगभग 45 करोड़ की राशि का भुगतान करने के बाद भी 64.27 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया है। इस दौरान बैंक की जमा राशियां और ऋण भी बढ़े हैं। गत 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में भी बैंक का लाभ 70.18 करोड़ रुपए के लगभग है। इस त्योहारी सीजन में विभिन्न ऋण योजनाओं में प्रोसेसिंग फीस में छूट दी जा रही है।

**सख्ती से की जाएगी ऋण वसूली : पठानिया**

कुलदीप पठानिया ने कहा कि ओटीएस पॉलिसी को लागू कर बैंक का ग्रॉस एनपीए 31.03.2022 के 29.60 प्रतिशत के स्तर से घटकर 31.03.2024 में 23.45 प्रतिशत रह गया, जबकि समान अवधि में नेट एनपीए 15.31 प्रतिशत से घाटकर 7.15 प्रतिशत रह गया। पहली ओटीएस पॉलिसी के अच्छे नतीजों के बाद ही बैंक अधिकारियों की कमेटी द्वारा बनाई गई नई ओटीएस पॉलिसी को रजिस्ट्रार के आदेशों पर बोर्ड द्वारा नई ओटीएस पॉलिसी को 30 नवंबर तक (सिर्फ चार महीनों के लिए) लागू करने के आदेश पारित हुए, जिससे बैंक का एनपीए और कम होने की उम्मीद है। हालांकि बैंक अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि इसके बाद बिना कोई छूट दिए ऋण डिफॉल्टरों से सख्ती से ऋणों की वसूली की जाएगी। बैंक अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि मौजूदा ओटीएस पॉलिसी के बाद बैंक का नेट एनपीए 5 प्रतिशत से कम व ग्रॉस एनपीए 20 प्रतिशत से कम के स्तर तक आ सकता है।

## आज बजूरी पंचायत में केवाईसी करवाएं बिजली उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के सहायक अभियंता सौरभ राय ने हमीरपुर के निकटवर्ती गांवों दुलेहड़ा, बजूरी, पटेर खुर्द, रड़ा, पडल, निजर, घिरथेड़ी, दुगनेड़ी, बारल, लोहारडा और झरेड़ी के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे 19 अक्तूबर को ग्राम पंचायत बजूरी में अपनी आईडी को आधार नंबर से लिंक करवा दें।

उन्होंने कहा कि इसके लिए उपभोक्ता अपने घरेलू मीटर का बिल और आधार कार्ड साथ लाएं।

## उद्घाटन-शिलान्यास के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करेंगे सीएम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 19 और 20 अक्तूबर को हमीरपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन-शिलान्यास के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और डॉ. राधा कृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

प्रवास कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 19 अक्तूबर को कुल्लू के अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के समापन के बाद दोपहर बाद लगभग सवा एक बजे एनआईटी हमीरपुर के हेलिपैड पर उतरेंगे और सर्किट हाउस पहुंचेंगे। दोपहर बाद लगभग ढाई बजे हमीरपुर के बस स्टैंड पर रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा का अनावरण तथा नगर परिषद के अन्य कार्यों के उदघाटन-शिलान्यास करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. राधा कृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में कॉलेज के विभिन्न निर्माण कार्यों एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

20 अक्तूबर को सुबह साढ़े दस बजे मुख्यमंत्री पक्काभरो में नगर परिषद हमीरपुर के स्ट्रीट फूड हब और अन्य विकास कार्यों के शिलान्यास करेंगे। करीब सवा ग्यारह बजे वह जोल सप्पड़ में डॉ. राधा कृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार और प्रधानाचार्य आवास की आधारशिला रखेंगे तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वह ग्राम पंचायत पुतड़ियाल के गांव बैरू में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे और जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## बिजली लोड को अपडेट करवाएं टौणी देवी के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** विद्युत उपमंडल टौणी देवी के सहायक अभियंता दीपक चौहान ने उपमंडल के अधीन सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि अगर उनके बिजली कनेक्शनों का लोड वास्तविक लोड से कम दर्शाया गया है, तो उसे तुरंत कार्यालय में आकर अपडेट करवा दें। दीपक चौहान ने कहा कि बिजली के लोड की सही जानकारी मिलने पर ही बिजली बोर्ड को वोल्टेज की समस्या और नए ट्रांसफार्मर लगाने की आवश्यकता के बारे में पता चल सकेगा।

उन्होंने इन सभी उपभोक्ताओं से बिजली कनेक्शनों के वास्तविक लोड अपडेट करवाने की अपील करते हुए कहा कि यदि निरीक्षण के दौरान किसी उपभोक्ता का वास्तविक लोड उनके बिजली कनेक्शन के लोड से अधिक पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**समस्या** एक सप्ताह से प्रिंटर खराब होने से मरीजों को करना होगा रिपोर्ट का इंतजार

# मेडिकल कॉलेज में नहीं मिल पा रही सिटी स्कैन की रिपोर्ट

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मरीजों को सिटी स्कैन की सुविधा से भी महरूम रहना पड़ रहा है। सिटी स्कैन मशीन का प्रिंटर एक सप्ताह से खराब चल रहा है, जिसके चलते मरीजों का सिटी स्कैन तो कर रहे हैं, लेकिन उनका प्रिंट नहीं निकल रहा है, ऐसे में मरीजों को अपना उपचार करवाने में देरी हो रही है।

हैरानी की बात है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन को इसकी सूचना तक नहीं है। बता दें कि सिटी स्कैन का प्रिंटर में खराबी आ गई थी, मैकेनिकल फॉल्ट के चलते अभी तक इसे ठीक नहीं करवाया गया है। दूसरी तरफ मेडिकल कॉलेज की निशुल्क दवाई काउंटर से कई




मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन की रिपोर्ट में देरी से मरीज झेल रहे परेशानी।

जरूरी दवाइयां नदारद हैं, लेकिन प्रशासन समस्या के समाधान के लिए कोई खास रुचि नहीं दिखा रहा है। निशुल्क दवा काउंटर में गरीब व गर्भवती महिलाओं को मुफ्त दी जाने वाली सबसे जरूरी आयरन, फॉलिक एसिड दवाई तक उपलब्ध नहीं हैं।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन की लापरवाही व कुप्रबंधन के चलते जिले के सबसे अस्पताल मे जरूरी दवाईयों का निरंतर टोटा चला हुआ है। यही नहीं मेडिकल कॉलेज के सूत्र बताते हैं कि इस से पिछले सप्ताह शुगर की दवाई तक स्टोर में उपलब्ध नहीं थी, जिसे अब मंगवाया गया है, यही नहीं गरीब मरीजों को मुफ्त मे मिलने वाली अन्य कई दवाइयां स्टोर मे उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते मरीज निजी मेडिकल स्टोरों से महंगे दामों से दवाइयां खरीदने को मजबूर हो रहे हैं।

**कॉलेज प्रशासन दे रहा बेहतर सुविधाएं**

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल रमेश भारती का कहना है कि सिटी स्केन प्रिंटर मे मैकेनिकल फाल्ट के चलते प्रिंट नहीं निकल पा रहे हैं। मशीन को ठीक करवाया जा रहा है। शीघ्र ही इसकी सुविधा मरीजों को मिलेगी। दवाइयों के ऑडर लगे हुए हैं, कई बार ऑडर आने में देरी लगती है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है, जल्द ही सभी दबाइयों की व्यवस्था कर दी जाएगी।

---

## विधायक सुरेश कुमार ने किया 1.72 करोड़ से बनी जाहू पेयजल योजना का उद्घाटन



पेयजल योजना का विधिवित पूजन करते विधायक सुरेश कुमार।

**एसके शर्मा, जाहू**

जाहू पेयजल योजना का शुभारंभ भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने विधिवत पूजन के साथ किया। जाहू पेयजल योजना का निर्माण 1 करोड़ 72 लाख रुपए से किया गया है। इस पेयजल योजना के निर्माण होने से जाहू में पानी की समस्या से लोगों को छुटकारा मिलेगा।

इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि जाहू पंचायत के लोगों को दो समय सुबह और शाम को पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सुलगवान में 35 लाख रुपए की लागत से 1 लाख लीटर पानी की क्षमता वाले टैंक का भी निर्माण किया गया है ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की समस्या से न जूझना पड़े।

इस अवसर जाहू पंचायत की प्रधान अनुराधा शर्मा, पूर्व प्रधान व वीडीसी सदस्य चमन लाल शर्मा, रोशन लाल, जल शक्ति विभाग भोरंज अधिशाषी अभियंता प्रदीप चडडा, लदरौर जल शक्ति विभाग सहायक अभियंता राजेंद्र पठानिया, कनिष्ठ अभियंता जितेन्द्र कुमार, रमेश, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, सोशल मीडिया प्रभारी रिंकू, जरियाल जाहू पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष राजन कपिल व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लिपिकीय वर्ग में नायब तहसीलदार के कोटे में कटौती न करे सरकार, नहीं तो प्रदेशव्यापी आंदोलन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष लोकेंद्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कुमार मैहता, महासचिव सुदेश तोमर तथा समस्त राज्य कार्यकारिणी व समस्त जिला अध्यक्षों ने कहा कि बलवान कमेटी द्वारा पटवारी-कानूनगो संघ के मांग पत्र पर सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में मिनिस्टीरियल स्टाफ के लिए निर्धारित 20 प्रतिशत कोटे को समाप्त कर पटवारी-कानूनगो के लिए निर्धारित 60 प्रतिशत कोटे को बढ़ाकर 80 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई है। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ ने सरकार से अनुरोध किया है कि लिपकीय वर्ग के पक्ष में पूर्व निर्धारित नायब तहसीलदार के कोटे में किसी प्रकार की कटौती न की जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में संघ द्वारा पहले ही सरकार को 4 अक्तूबर को लिखित रूप में ज्ञापन सौंपा जा चुका है, यदि सरकार लिपिकीय वर्ग के नायब तहसीलदार के कोटे में कटौती करती है तो यह इस वर्ग के साथ अन्याय होगा, जिसे संघ किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेगा। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि पटवारी-कानूनगो संघ के पक्ष में बलवान कमेटी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर निर्णय लेने से पूर्व लिपिकीय वर्ग द्वारा सरकार को सौंपे गए मांग पत्र पर विचार करके लिपिकीय वर्ग के हक को कायम रखते हुए आगामी निर्णय लिया जाए। महासंघ का कहना है कि यदि उपरोक्त निर्धारित कोटे के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की जाती है तो महासंघ पूरे प्रदेश में इसका विरोध करेगा तथा आवश्यकता पड़ी तो इसके विरुद्ध पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा।

## सलौनी-दियोटसिद्ध डबल लाइन सड़क मार्ग का कार्य बहुत जल्दी होगा आरंभ : बन्याल



**एसके ठाकुर, बड़सर।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध को जाने वाली मुख्य सड़क का डबल लाइन कार्य आरंभ होने जा रहा है। इसका टेंडर एक बड़ी कंपनी ओएएसआईएस प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को अवार्ड हो गया है। बड़सर कांग्रेस नेता राजेश बन्याल ने कहा है की लगभग 22 करोड़ से डबल लाइन बनने वाली मुख्य सड़क का कार्य शुरू हो रहा है, जिसका श्रेय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को जाता है। बन्याल ने कहा कि मुख्यमंत्री जब प्रदेश की बागडोर संभाली थी तो उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ में शीश नवाजा था तथा माथा टेकने के बाद उन्होंने सलौनी-दियोटसिद्ध सड़क मार्ग को डबल लाइन करने की घोषणा की थी। इस लगभग 20 किलोमीटर सड़क मार्ग में जीएसईबी कटिंग, टारिंग, साइड ड्रेन के साथ-साथ जिन स्थानों पर सड़क मार्ग बहुत ही संकीर्ण है, उसे चौड़ा किया जाएगा ताकि उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो सके। बन्याल का कहना है कि भाजपा के नेता बयानबाजी तक ही सीमित हैं, जबकि विकास के नाम पर भाजपा की कार्यशाली जीरो है। कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस के नेता विकास में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा भाजपा नेता काला चश्मा लगा रखते हैं, उसको हटाकर देखें की विकास हो रहा है कि नहीं। (अनंत ज्ञान)


**कार्यालय ग्राम पंचायत नीरथ**
**विकास खंड रामपुर , जिला शिमला (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नीरथ, विकास खंड रामपुर, जिला शिमला (हि.प्र.) में वर्ष 2024-25 में होने वाले विकास कार्य के निष्पादन हेतु निम्र सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। दिनांक 22.10.2024 को सुबह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत नीरथ के कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से पंचायत कार्यालय में जमा करवाएं। दिनांक 22.10.2024 को ही पंचायत प्रतिनिधियों व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अपराहन 2 बजे खोली जाएंगी।

| क्रं. सं. | सामग्री का ब्यौरा | मूल्य प्रति इकाई | मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | रेत (खान का) | प्रति घन फिट | |
| 2. | रेत (क्रशर का) | प्रति घन फिट | |
| 3. | बजरी 20, 40 एमएम (क्रेशर की) | प्रति घन फिट | |
| 4. | ईंटें | प्रति ईंट | |
| 5. | शेट्रिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 6. | सरिया 16,12,8,6 एमएम Nalls | प्रति किलो ग्राम | |
| 7. | पत्थर | प्रति घन मीटर | |
| 8. | बिडिंग वायर | प्रति किलो ग्राम | |
| 9. | एंगल हर प्रकार से | प्रति किलो ग्राम | |
| 10. | लकड़ी व लोहे के दरबाजे खिड़की, चोखट पल्ले आदि | प्रति घन फिट/ प्रति वर्ग फिट | |
| 11. | बिजली फिटिंग सामग्री | प्रति नग | |
| 12. | प्लेन शीशे 3,4 एमएम | प्रति एमएम/ प्रति वर्ग फिट | |
| 13. | टायलें विभिन्न प्रकार की | प्रति बॉक्स/ प्रति वर्ग फिट | |
| 14. | खनेरी से पंचायत क्षेत्र नीरथ के लिए सीमेंट की ढुलाई लोडिंग, अनलोडिंग सहित | प्रति बैग | |
| 15. | जलपान (चाय, समोसा, पकोड़ा शीतल पेय आदि) | प्रति नग/प्रति किलो ग्राम | |
| 16. | जेसीबी (ब्रेकर सहित) कंप्रेशर मशीन | प्रति घंटा | |
| 17. | वैल्डिंग वर्कस | प्रति किलोग्राम | |
| 18. | रंग रोगन | प्रति लीटर/प्रति नग | |
| 19. | साईन बोर्ड लिखाई व पेंटिंग सहित | प्रति बोर्ड | |

**नियम और शर्तेः-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी अनिवार्य हैं। 2. न्यूनतम दरों के निविदाकर्ता को पंचायत द्वारा सप्लाई ऑर्डर दिया जाएगा। 3. निविदाकर्ता का जीएसटी और सीजीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 4. दरें एक साल तक मान्य होंगी व दरें जीएसटी और सीजीएसटी जोड़कर दी जाएगी। 5. कुटेशन धारक को एम फार्म साथ में देना अनिवार्य होगा एम फार्म न देने की दशा में नियमानुसार सप्लायर से रॉयल्टी काटी जाएगी। 6. वाहन मालिकों वाहन पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) की छाया प्रति भी निविदा के साथ संलग्न करें। इन दस्तावेजों के बिना निविदा निरस्त की जाएगी। 7. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार को एक ही मूल्य देय होगा। 8. अन्य नियम व शर्तें दिनांक 22.10.2024 को बताई जाएंगी।

**प्रधान ग्राम पंचायत नीरथ विकास खंड रामपुर , जिला शिमला (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### राजेश छजटा सर्वसमिति से बने अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय किसान संघ जिला शिमला के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें राजेश छजटा को सर्व समिति के अध्यक्ष और पवन चौहान को मंत्री के रूप में निर्वाचित किया गया। प्रवेश के रूप में प्रदेश महामंत्री सुरेश ठाकुर और सुनो अधिकारी के रूप में भगतराम पटियाल अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भारतीय किसानं सभी विकास करो की कार्यकारिणी और जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने सीखे आपदा से बचाव के गुर

**आजम डार, तीसा।** माध्यमिक पाठशाला लोक टिकरी की विद्यार्थी गुरुवार को अग्निशामन विभाग के कार्यालय का भ्रमण किया इस दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने लोह टिकरी स्कूल के विद्यार्थियों को बचाव के तरीके और आग के प्रकार भी बताए गए। स्कूल के वोकेशनल अध्यापक हेमंत का कहना है की लोह टिकरी के विद्यार्थी तीन दिन के दौरे पर हैं उन्हें मामला दर्ज करवाने सहित अनवेशन से जुडी जानकारी भी दी गइ, इसके अतिरिक्त यातायात के नियमों से भी अवगत करवाया गया है इसके अलावा बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में भी जानकारी दी।

### रंधाड़ा पाठशाला का एनएसएस शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंधाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन पाठशाला की उपप्रधानाचार्य एवं प्रभारी दक्षिणा गुप्ता द्वारा डॉ. कामिनी शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्यों की मौजूदगी में किया गया। प्रभारी दक्षिणा गुप्ता ने बताया कि शिविर के दौरान 26 स्वयंसेवियां जिनमें छात्र-छात्राएं शामिल रहीं ने स्कूल प्रांगण की साफ सफाई, अनावश्यक झाड़ियों की कटिंग, रंधाड़ा पंचायत की बावड़ी, मंदिर व आसपास गोद लिए गए गांव चोला के रास्तों गलियों को साफ किया।

### छात्रों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**कविता, पधर।** भारत स्काउट एंड गाइड एसोसिएशन जिला मंडी द्वारा स्काउट मास्टर



एंड गाइड कैप्टन का बेसिक कोर्स और स्काउट एंड गाइड का तृतीय सोपान का प्रशिक्षण शिविर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्रंग के छात्रावास में किया गया। समापन समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### वाद विवाद प्रतियोगिता में गोपालपुर प्रथम



**रितेश चौहान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौबाही में आयोजित प्रारंभिक शिक्षा बाल मेले प्रश्नोत्तरी में परसदा हवाणी और वाद विवाद में गोपालपुर स्कूल ने प्रथम स्थान झटका। समारोह की अध्यक्षता उप-प्रधानाचार्य सतीश जम्वाल ने की। समारोह में ग्राम पंचायत प्रधान सुनीता शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। बाल मेले में कविता प्रतियोगिता, विज्ञान प्रोजेक्ट, वाद संवाद, समूहमान, एकल गान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय उच्च पाठशाला परसदा हवाणी प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देव ब्राङ्गत्ता द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौबाही तृतीय स्थान स्थान पर रहे। कविता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या प्रथम और नौबाही दूसरे स्थान पर रहे जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल सरकाघाट तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान परियोजना में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्राङ्ता प्रथम और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देव ब्राडता द्वितीय स्थान पर रहे।

वाद विवाद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोपालपुर प्रथम और राज किया वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हवाणी दूसरे स्थान पर रहे। समूह गान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मसेरन दूसरे और नौबाही तीसरे स्थान पर रहे।

### एनटीपीसी कोलडैम ने लगाया चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एनटीपीसी कोलडैम हाइड्रो पावर स्टेशन द्वारा सामुदायिक कल्याण



और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए परियोजना प्रभावित बटवाड़ा पंचायत में एक मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का संचालन एनटीपीसी कोलडैम के चिकित्सा विभाग द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों के निर्देशानुसार रोगियों की जांच करके निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। इस शिविर के दौरान ग्रामवासियों को धनवंतरी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

# चंबा में कुत्तों के आतंक से खौफ, कई लोगों को काटा

## लोगों ने समस्या के हल के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए परेशान स्थानीय लोग।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया ने उपायुक्त आईएएस मुकेश रेपसवाल को चंबा में आवारा कुत्तों की बढ़ रही तादाद और उनके लिए विशेष टीम गठित करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा गया।

डीसी को बताया गया कि आवारा कुत्तों की तादात चंबा में लगातार बढ़ती जा रही है और जिस से लोगों को घरों से निकलना व बच्चों को स्कूल तक लेकर जाना मुश्किल हो गया है। बीते कुछ दिनों में भी कुछ आवारा कुत्तों ने चंबा में बहुत सारे बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को काटा व बुरी तरह से घायल किया है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार प्रशासन के समक्ष इस बात को रख चुके हैं और एक बार फिर प्रयास कर रहे है की इन आवारा-बेसहारा जानवरों के लिए विशेष कर कुत्तों के लिए कुत्ता केंद्र बनाए जहां इनके समय- समय पर टीकाकरण, नसबंदी व इनसे जुड़े समस्याओं का समाधान हो सके। इस मौके पर कुत्तों के हमले से घायल लोगों के परिजन भी मौजूद रहे। वहीं साथ में प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था से सिद्धांत शर्मा, अभिनव शर्मा, सुदेश कुमारी, हर्ष कमरॉय, मोहनीश व दीपक भाटिया मौजूद रहे।

### दो दिन में 3 दर्जन के करीब लोगों को कुत्तों ने काटा

**पिछले** कल सायंकाल के समय फिर से जिला मुख्यालय चंबा के कसाकडा स्थित बस स्टैंड के साथ पागल कुत्तों ने दो व्यक्तियों पर हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। अब तक आधा दर्जन के करीब लोग पागल कुत्तों के काटने के बाद चोटिल होने पर मेडिकल कॉलेज चंबा में उपचार को पहुंचे। शहर में दो दिनों में तीन दर्जन के करीब लोगों को पागल कुत्ते काट चुके हैं। इसमें बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे भी शामिल हैं। कुत्तों से शहर में खौफ का माहौल है। कसाकडा में कुत्ते का व्यक्ति पर हमला कर चोटिल करने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

## नर्सिंग लेफ्टिनेंट कनिका का गांव पहुंचने पर हुआ स्वागत



**अनंत ज्ञान, मंडी।** सुंदरनगर उपमंडल के गांव बीणा की कनिका जो सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट बनने के बाद जब पहली बार अपने गांव पहुंची तो पूरे परिजनों के साथ साथ पूरे गांव वालों ने उसका भव्य स्वागत किया। कनिका शर्मा पत्नी देश राज का जून महीने में ही नर्सिंग लेफ्टिनेंट के लिए चयन हुआ था। इसके बाद वह सेना में मेडिकल नर्सिंग सेवा में कमांड अस्पताल लखनऊ चली गई थी। वीरवार को जब वह गांव पहुंची तो पूरे गांव वालों ने बैंड बाजों व फूल मालाओं के साथ उसका स्वागत किया। उसके स्वागत में न केवल ससुराल पक्ष बल्कि मायके के लोग भी शामिल हुए। कनिका की चार साल की एक बेटी भी है तथा उसके पति देश राज शर्मा कनिष्ठ अभियंता हैं।

उसके ससुर सागर दत शर्मा व सास मीना शर्मा सेवानिवृत शिक्षक हैं। उसके पिता परमानंद शर्मा व माता ममता देवी है। गांव की मनीषा शर्मा ने बताया कि कनिका की उपलब्धि से गौरवान्वित हुए हैं।

# डीसी ने किया बारगाह में बनने वाले इनडोर स्टेडियम स्थल का दौरा



दौरे के दौरान मौजूद उपायुक्त व साथ हैं अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल ने पुलिस मैदान बारगाह में निर्मित होने वाले इंडोर स्टेडियम स्थल का दौरा कर उपलब्ध करवाई गई भूमि का विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने इनडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता बारे विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उप मंडल अधिकारी (नागरिक), राजस्व विभाग तथा जिला खेल अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इनडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए जो अतिरिक्त भूमि की आवश्यक है, उसे चिन्हित कर पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

**स्टेडियम में बैडमिंटन कबड्डी, योगा, बॉक्सिंग के अलावा होंगी कई सुविधाएं**

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय के पुलिस मैदान बारगाह के साथ इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। स्टेडियम में बैडमिंटन, कबड्डी, योगा, बॉक्सिंग और कुश्ती के अलावा स्विमिंग पूल की भी व्यवस्था उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी रूपेश कुमार, अधिशासी अभियंता (कार्यवाहक) लोक निर्माण दिनेश कुमार, नायव तहसीलदार बलदेव राज सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सुल्तानपुर-खज्जियार मार्ग से एक महीने में हटाने होंगे अवैध कब्जे

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सुल्तानपुर-खज्जियार मार्ग में डेढ़ दर्जन अतिक्रमण कारियों को लोक निर्माण विभाग ने नोटिस जारी किए हैं। लोक निर्माण विभाग की ओर से जारी नोटिस में कब्जाधारियों को एक माह का समय दिया गया है। इस समयावधि में यदि कब्जाधारी खुद सरकारी भूमि पर किए कब्जे नहीं हटाते हैं तो इन्हें जेसीबी से हटा दिया जाएगा।

विभाग के नोटिस के बाद कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है। उधर, इसके बाद कुछ लोगों ने अपने स्तर पर कब्जे तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। अधिकांश जगह पर लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा किया है। ऐसे में विभागीय ठेकेदार को सड़क को चौड़ा करने में दिक्कतें पेश आ रही हैं। ऐसे में विभाग ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर सरकारी जमीन की निशानदेही की गई। लोक निर्माण विभाग ने 19 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर अवैध कब्जे कर बैठे डेढ़ दर्जन कब्जाधारियों को नोटिस जारी किए हैं।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता शैलेश राणा ने बताया कि सुल्तानपुर से खज्जियार तक 19 किलोमीटर के दायरे में डेढ़ दर्जन कब्जाधारियों को कब्जे हटाने के लिए नोटिस जारी किए हैं। नोटिस मिलने पर कब्जों को न हटाने पर जेसीबी से कब्जों को हटा दिया जाएगा।

## बिजली रहेगी बंद

**चंबा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत उपमंडल तीसा के आधीन विद्युत उपकेंद्र नकरोड़ के आधीन फीडर भंजराड़ू पर आवश्यक मुरम्मत कार्य एवं पेड़ों की छंटाई का कार्य करना आपेक्षित है।

टिकरी पर भी आवश्यक मुरम्मत कार्य एवं पेड़ों की छंटाई का कार्य करना आपेक्षित है। भंजराड़ू व टिकरी पर 19 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से सांय 6 बजे तक या कार्य की समाप्ति तक ग्रांम भंजराड़ू सूलाणां डौरी खमास भराड़ा टिकरी लेसुवीं नकरोड़ इत्यादि में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप के बाधित रहेगी।

इस संदर्भ में समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है। हालांकि मुरम्मत का कार्य मौसम परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

# तीन बच्चों ने यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा की उत्तीर्ण

**ओपी शर्मा, भरमौर**



परीक्षाओं में पोजिशन हासिल करने वाले होनहार।

भरमौर विधानसभा के गैर-जनजातीय क्षेत्र के तीन बच्चों ने यूजीसी, नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

भरमौर विधानसभा क्षेत्र के गैर-जनजातीय इलाकों से तीन होनहार बच्चों ने अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से यूजीसी नीट और सीएसआईआर नेट/जेआरएफ की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है।

इस दौरान अति दुर्गम क्षेत्र बेलज के कलौंस गांव के साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले सोनू ठाकुर ने सीएसआईआर, नेट/जेआरएफ (गणित) 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोनू ने अपनी शिक्षा बेहद कठिन परिस्थितियों में प्राप्त की, जहां बेहतर सुविधाओं की कमी के बावजूद उन्होंने यह सफलता हासिल की। विधायक डॉ. जनकराज ने कहा, सोनू ठाकुर जैसे युवा इस क्षेत्र के लिए प्रेरणा हैं।

वहीं ग्राम पंचायत छतराड़ी की रहने वाली सोनाली शर्मा ने यूजीसी नेट (हिंदी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। सोनाली के परिवार ने कहा कि उनका सपना हमेशा से अपने गांव का नाम रोशन करना था, और उन्होंने इसे साकार कर दिखाया।

इस दौरान बेलज अघहार गांव के रमेश ठाकुर ने भी यूजीसी नेट जेआरएफ (2024) की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र के युवाओं को प्रेरित किया है। रमेश ने अपनी शिक्षा सीमित संसाधनों के बीच पूरी की, लेकिन उनकी मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

वहीं जनजातीय क्षेत्र भरमौर के पंकज शर्मा पिता का नाम सोमदत्त ने सहायक प्रोफेसर यूजीसी नेट की परीक्षा पास करके अपने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पंकज शर्मा ने बताया कि प्रथम प्रयास मे ही उन्होंने यह परीक्षा पास की है। (अनंत ज्ञान)

# भारत ने 200 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता की हासिल : कटवाल

**अनंत ज्ञान, शिमला**



जानकारी देते हुए संजीव कटवाल व अन्य।

भाजपा कुसुम्पटी मंडल युवा मोर्चा द्वारा आयोजित सदस्यता कैंप में प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने विशेष रूप से भाग लिया। इस कैंप में युवपर्चा द्वारा 247 सदस्य बनाए गए। कटवाल ने इस अवसर पर कहा युवाओं के पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की नीति पर मोहर लगाई है, सदस्यता अभियान में युवाओं ने भाग लिया है।

उन्होंने कहा कि भारत ने एक तरफ जहां 200 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता हासिल कर ली, वहीं 6जी तकनीक के पेटेंट में हम छह शीर्ष देशों में शामिल हैं। अगली पीढ़ी की दूरसंचार प्रौद्योगिकी (6जी) 5जी की तुलना में 50 गुना अधिक तीव्र तेज होगी। कभी आयात पर निर्भर भारत 80 लाख कंप्रेशर बनाने लगा है। भारत के प्रदर्शन से प्रभावित 11 देशों ने भारत के दवा कानून अपनाए हैं। भारत ने सितंबर में 200 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता हासिल किया। 2014 में भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता केवल 75 गीगावाट थी, अब यह क्षमता 201,457.91 मेगावाट तक पहुंच गई है। इनमें 90,762 मेगावाट सौर ऊर्जा और 47,363 मेगावाट पवन ऊर्जा है। 2014 से नवीकरणीय ऊर्जा से बिजली उत्पादन 86 प्रतिशत बढ़ा है। भारत जी-20 का एकमात्र देश है, जिसने अपने जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले पूरा किया।

कटवाल ने कहा है कि 11 देशों ने भारतीय दवा कानूनों को अपने मानक के रूप में मान्यता दे दी है। भारत विश्वभर में 200 से अधिक देशों को दवाएं, टीके और चिकित्सा उपकरण आपूर्ति कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से हर साल औसतन 100 वैश्विक क्लीनिकल ट्रायल को मंजूरी दी जा रही है। भारत 6 जी तकनीक पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। 6 जी से संबंधित पेटेंट दाखिल करने में भारत शीर्ष छह देशों में शामिल है।

## अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता सरस्वतीनगर स्कूल में संपन्न

**दशमी रावत, जुब्बल।** उपमंडल जुब्बल के सरस्वतीनगर स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय चार दिवसीय छात्रा वर्ग की अंडर -19 खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया है।

इस अवसर पर सरस्वतीनगर वार्ड से जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उनके साथ मोती लाल सिथटा, दीपक रावत, केसंग नेगी, दीपना राजटा प्रधान ग्राम पंचायत सरस्वतीनगर, लत्ता गांगटा, संदीप सेहटा पूर्व पंचायत समिति उपाध्यक्ष, ओपी किमटेटा, संजीव भूरेटिया, भोपिदंर तनवर, दिनेश घेजटा व नरेंद्र तांटा मौजूद रहे। राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 12 जिले व 2 हास्टल की सैकड़ों छात्राएं शामिल रही।

# किसान कांग्रेस चंबा के तीन ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस के जिला चंबा के तीन ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठित कर दिया गया है। जिसके तहत ब्लॉक भरमौर, पांगी और चुराह में नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। जिसके तहत भरमौर ब्लॉक की कमान शंकर दास को सौंपी गई है। इसके साथ ही हरनाम सिंह और शेर सिंह को भरमौर ब्लॉक का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इसके अतिरिक्त मनोहर शर्मा व बहादुर सिंह को सचिव का दायित्व दिया गया है। चुराह से यासीन मोहम्मद को अध्यक्ष अनिल कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, हर्ष मोहम्मद अमर सिंह और मधुराम को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही विपिन कुमार व निसार अहमद को सचिव चुना गया है। हुकेश कुमार को संगठन सचिवऔर और रोशन दिन को से सच बनाया गया है इसके साथ ही लक्ष्मण सिंह को कोषाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। पांगी ब्लॉक से राजकुमार को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया है। हेमराज अश्विनी सिंह व धनदेव को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

इसके साथ ही कर्म सिंह व सीताराम को सचिव वह जीवन सिंह को संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार वह जिला सचिव सुरेश शर्मा ने कहा है शेष बचे ब्लॉक की कार्यकारिणी की घोषणा भी जल्द ही कर दी जाएगी।

## सूडोकु 0091 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0090 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

19 अक्तूबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : आश्विन, **तिथि** द्वितीय : (09:51): **नक्षत्र** भरणी, **पक्ष** : कृष्ण **योग** : सिद्धि (05:40) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:43-12:28), **राहुकाल** (09:15 -10:40)।

**विशेष दिन**

- 20 अक्तूबर : करवाचौथ व्रत कल।
- 20 अक्तूबर : दशरथ चतुर्थी कल।

**मेष:** अपने करियर के प्रति महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। परिवार के साथ लंबी यात्रा के योग हैं। अच्छे कार्यो की शुरुआत आशीर्वाद से हो।

**वृषभ:** सामाजिक समारोह में शामिल होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दूसरे के मामलों में ना पड़ें, नुकसान आपका ही होगा। बिना मांगे अपनी राय न दें।

**मिथुन:** धार्मिक कार्यों में सहभागिता होगी। समय रहते अपने कार्यों को पूर्ण करें। आपके आलसी रवैये से नुकसान हो सकता है। कारोबार विस्तार के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कर्क:** मनचाहा जीवनसाथी मिलने से प्रसन्न होंगे। आपके व्यवहार से लोग आकर्षित होंगे। पूजा-पाठ में शामिल होंगे। भाई-बहनों से स्नेह मिलेगा। विद्युत उपकरण खरीद सकते हैं।

**सिंह:** पूंजी निवेश से अच्छा परिणाम प्राप्त होगा। नए वस्त्रों की प्राप्ति आज हो सकती है। वाहन पर धन खर्च होगा। जरूरतमंद की मदद करें, रुके कार्य बन जाएंगे।

**कन्या:** कारोबार में नई तकनीक से लाभ होगा। कार्य की अधिकता से तनाव रहेगा। कर्मचारियों की अनियमितता से परेशान रहेंगे। मन की बात कहने का समय नहीं है।

**तुला:** वित्तीय मामलों में दूसरे पर भरोसा न करें। भावनात्मक संबंधों में नजदीकियां बढ़ेगी। किसी भी नए कार्य को करने के पूर्व रणनिति तैयार करें। नौकरी में तरक्की के आसार है।

**वृश्चिक:** व्यस्त जिन्दगी में कुछ समय अपनों को भी दें। आप मन के साफ हैं पर किसी को समझाने के लिए नरमी से पेश आएं। विवाद की स्थिति को टालें।

**धनु :** वही होता है जो भगवान को मंजूर होता है। व्यर्थ की चिंता छोड़ दें और अपने सपने पूरे करने में लग जाएं। आकस्मिक धन प्राप्त आज हो सकता है। लोगों को प्रभावित करेंगे।

**मकर:** लंबे समय से चले आ रहे विवाद आज सुलझ सकते हैं। संतान सुख संभव है। विदेश जाने के योग है। जीवनसाथी के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। देखा-देखी में नुकसान हो सकता है।

**कुंभ :** व्यवहार और आचरण बदलें। सब आपके हो जाएंगे। अपने माता-पिता से ऐसा व्यवहार ठीक नहीं है। जैसा व्यवहार आप करेंगे, वैसा आपके साथ भी हो सकता है।

**मीन:** परिवार के खिलाफ जा सकते हैं। जल्दबाजी में कुछ फैसले लेन पड़ेंगे। संचित धन का उपयोग सतर्कतापूर्वक करें। नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

# पार्षद गीता देवी ने की शपथ ग्रहण

**आदर्श यादव, नेरचौक**



गीता देवी विधायक बल्ह इंद्र सिंह व अन्य।

उपमंडल कार्यालय बल्ह में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर परिषद नेरचौक के डडोर वार्ड से नवनियुक्त पार्षद ने उपमंडल कार्यालय में शपथ ग्रहण की। उपमंडलाधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी ने गीता देवी को शपथ ग्रहण करवाई।

इस अवसर पर विधायक बल्ह इंद्र सिंह गांधी, नगर परिषद नेरचौक अध्यक्ष नर्बदा अभिलाषी, उपाध्यक्ष परम देव, कार्यकारी अधिकारी हितेश कुमार सहित डडोर वार्ड की जनता उपस्थित रही।

शपथ ग्रहण के पश्चात गीता देवी ने बताया कि अब अपने वार्ड में जनता के हित के कार्य किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# चौपाल स्कूल में चिल्ड्रन कांग्रेस का आगाज



चिल्ड्रन कांग्रेस स्पर्धा के आगाज पर मुख्यातिथि के साथ छात्र।

**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल**

उपमंडल चौपाल के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौपाल में दो दिवसीय चिल्ड्रन कांग्रेस का आगाज धूमधाम से हुआ, जिसका शुभारम्भ प्रदेश कांग्रेस पार्टी महासचिव रजनीश कीमटा द्वारा किया गया। चिल्ड्रन कांग्रेस के समन्वयक आकाशदीप शर्मा ने कहा कि इस स्पर्धा में 45 स्कूलों के करीब 260 छात्र भाग ले कर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस कांग्रेस में क्विज, साइंस मॉडल प्रतियोगिता, मैथमेटिक्स ओलिंपियाड आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।

# डलहौजी में पुलिस ने वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



पुलिस उपमहानिरीक्षक शिमला एवं टीटीआर विंग शिमला की आदेशानुसार बीते कल शुक्रवार को उपनिरीक्षक( एसआई) कांगड़ा विक्रांत की अगुवाई में डलहौजी मुख्य मार्ग पर स्थित सुर्खीगला में नाकाबंदी को अंजाम दिया गया जिसमें यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले दो पहिया वाहन चालकों के चालान काटे गए ।तो वही दुपहिया वाहन अधिनियम के तहत लोगों को जागरूक भी किया गया। बता दें कि ज्यादातर दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट,ट्रिपलिंग, बिना लाइसेंस तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों पर जहां कानूनी शिकंजा कसा गया तो वही उन्हें यातायात नियमों का पाठ भी पढ़ाया गया। एसआई विक्रांत ने बताया कि यह मोहिम समस्त हिमाचल में शुरू की गई है क्योंकि हिमाचल में ज्यादातर दुर्घटनाएं दोपहिया वाहनों की सामने आ रही है और ज्यादातर इसमें युवा पीढ़ी निशाना बन रही है। उन्होंने यह भी बताया कि मनचले दोपहिया वाहन चालको को यातायात अधिनियम के तहत कार्रवाई भी अमल में लाई गई है। ताकि भविष्य में यातायात नियमों की अवहेलना न करें।(अनंत ज्ञान)

## इंटीग्रेटिड मेडिकल एसो. ने किया जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** इंटीग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष) जिला मंडी कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

वहीं जिला अध्यक्ष डॉ. दिनेश वत्स ने बताया कि डॉ. प्रवीण राणा, डॉ. हर्ष गुप्ता, डॉ. सचिन सूद, डॉ. अभिषेक कोशल, डॉ. लोकेश ठाकुर एवं डॉ. ऋषभ शर्मा को उपाध्यक्ष, डॉ. भानू प्रिया को सचिव डॉ. राकेश ठाकुर को कोषाध्यक्ष, डॉ. दुष्यंत व डॉ. आशीष कुमार को प्रेस सचिव, डॉ. सुनील ठाकुर, डॉ. दीपक, डॉ. नमन यादव, डॉ. विकास को आयोजन सचिव, डॉ. अनिता ठाकुर, डॉ. दीपक यादव, डॉ. रिया, डॉ. दीपक चौधरी, डॉ. मनिषा, डॉ. नेहा ठाकुर को संयुक्त सचिव का कार्यभार प्रदान किया गया।

# केंद्रीय छात्र परिषद ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**



शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद गणमान्य।

राजकीय महाविद्यालय चौपाल में महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र परिषद (सीएससीए) के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ-ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. रविन्द्र चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में भाग किया लिया।

उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए मुस्कान बीए तृतीय वर्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए सलोनी बीए द्वितीय वर्ष, सचिव पद के लिए श्रेयांशी शमी, बीए प्रथम वर्ष एवं सह सचिव के लिए राहुल बीकॉम प्रथम वर्ष को शपथ दिलाई।

वरिष्ठ प्राध्यापिका कन्या नेगी ने कक्षा प्रतिनिधि सदस्यों को शपथ दिलाई, जिसमे आकृति बीए प्रथम वर्ष, रागुन शर्मा बीए द्वितीय वर्ष, दिव्या बीए तृतीय वर्ष एव अजय बीकॉम प्रथम वर्ष शामिल हुए। खेल प्रतिनिधि सदस्यों के रुप में रंजन बीए तृतीय वर्ष एवं काजल बीए तृतीय वर्ष को महाविद्यालय छात्र केंद्रीय परिषद संयोजिका मिताली माल्टा ने शपथ दिलाई।

**काम** आरंभ करने में देर न करो और अगर काम शुरू कर दिया है तो उसे पूरा करके ही छोड़ों। -**विनोबा भावे**

## संपादकीय

# बढ़ती फर्जी धमकियां

विमानों को बम से उड़ाने की फर्जी धमकियां आजकल चर्चा का विषय बनी हैं। शातिर लगातार चार दिन से या तो धमकी भरे फोन कॉल कर रहे हैं या फिर ई-मेल से मैसेज छोड़ रहे हैं। चार दिनों में विस्तारा, इंडिगो और अकासा जैसी नामी कंपनियों की उड़ानों को 22 बार धमकियां देकर रोकने का प्रयास हुआ है। सुरक्षा की लिहाज से यह वाकई बेहद गंभीर मामला बन गया है। निश्चित रूप से इन धमकियों का व्यापक असर एयरपोर्टों की सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है। साथ ही यात्रियों की संख्या में भी गिरावट आ रही है। हालांकि, विमानों को धमकियां मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आठ संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट सस्पेंड कर दिए हैं, लेकिन इसके बावजूद यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस तरह का बढ़ता साइबर अपराध सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी गले की फांस बन गया है। साइबर विमानन और सुरक्षा एजेंसियां संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंटों पर विशेष नजर बनाए हुए है।

अकाउंट विदेशी आईपी से हैंडल किए जाने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। आखिर इन सब शरारतों के पीछे कौन है? फर्जी बम संदेश मामले में पुलिस एफआईआर दर्ज कर गंभीरता से जांच को अंजाम दे रही है। इसके अलावा सोशल मीडिया और डार्क वेब पर भी पेट्रोलिंग और कड़ी कर दी गई है। स्वाभाविक है कि इन धमकियों के कारण एयरपोर्ट का सुरक्षा अलर्ट बढ़ जाता है, जिससे यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय किए जाते हैं। हालांकि, धमकियों के कारण यात्रियों की जांच और सुरक्षा प्रक्रिया में देरी हो सकती है, जिससे उड़ानों में भी देरी हो सकती है। एयरपोर्ट पर सुरक्षा उपायों में वृद्धि की जानी है, जैसे कि अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती, विशेष जांच और निगरानी आदि सख्त करनी चाहिए। इस तरह की धमकियों के कारण एयरपोर्ट को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। यात्रियों की संख्या में कमी और उड़ानों का रद्द होना कंपनियों के प्रोफाइल को दागदार बना जाता है। धमकियों के कारण एयरपोर्ट के कर्मचारियों और यात्रियों के मनोबल पर भी प्रभाव पड़ सकता है, जिससे वे तनावग्रस्त और चिंतित हो सकते हैं। एयरपोर्ट धमकियों से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियों और एयरपोर्ट अधिकारियों को मिलकर काम करना चाहिए। एयरपोर्ट पर सुरक्षा अलर्ट प्रणाली स्थापित करनी चाहिए जो धमकियों की जानकारी तुरंत दे सके। सुरक्षा बलों की तैनाती ज्यादा से ज्यादा बढ़ानी चाहिए, ताकि वे धमकियों का सामना कर सकें। एयरपोर्ट के कर्मचारियों को सुरक्षा प्रशिक्षण देना चाहिए, ताकि वे धमकियों का सामना कर सकें।

एयरपोर्ट पर फर्जी धमकियां देने वालों को पकड़ने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को धमकी की जांच गहराई से करनी चाहिए और इसके पीछे के उद्देश्य को समझना चाहिए। एयरपोर्ट के सीसीटीवी फुटेज भी जांच में अहम कड़ी हो सकते हैं। फोन और ईमेल रिकॉर्ड्स की जांच करनी चाहिए तथा पुलिस के साथ सहयोग करना चाहिए। सुरक्षा अलर्ट प्रणाली को मजबूत बनाना चाहिए। सोशल मीडिया पर धमकी देने वालों की निगरानी करनी चाहिए। साइबर सेल का गठन करना चाहिए जो धमकी देने वालों की पहचान कर सके। इन तरीकों से एयरपोर्ट पर फर्जी धमकियां देने वालों को पकड़ा जा सकता है और सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सकता है। बेशक धमकी देने वालों का साइबर अपराध बढ़ता जा रहा है, लेकिन इससे ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं होती है। थोड़ी से सतर्कता बरती जाए और हर पहलू की बारीकी से जांच की जाए, तो साइबर अपराधियों का नेटवर्क आसानी से ध्वस्त किया जा सकता है। दुनिया में हर परेशानी का इलाज है और आजकल तो टेक्नोलॉजी भी काफी एडवांस हो गई है।

ऐसे में साइबर अपराध पर अंकुश आने वाले समय में जरूर लगेगा। सुरक्षा एजेंसियों की काबिलियत पर हमें भरोसा करना चाहिए तथा उनका संकट की इस घड़ी में खुलकर साथ सबको देना चाहिए, क्योंकि एकता में बड़ा बल होता है। साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक करना और उन्हें साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों के बारे में शिक्षित करना चाहिए। संगठनों और सरकारों को साइबर सुरक्षा नीतियां बनानी चाहिए और उनका पालन करना चाहिए। साइबर सुरक्षा उपकरणों एंटीवायरस, फायरवॉल और इंटरनेट सुरक्षा सॉफ्टवेयर का प्रयोग करना चाहिए। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना और उन्हें नियमित रूप से बदलना भी फायदेमंद साबित हो सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत की युवा मुक्केबाज

**नीतू** घंघास भारत की युवा मुक्केबाज हैं। उन्होंने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में महिलाओं के 48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। फाइनल मुकाबले में नीतू घंघास ने इंग्लैंड की बॉक्सर को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। इससे पहले सेमीफाइनल मैच में उन्होंने कनाडा की प्रियंका ढिल्लोन को दो राउंड में 5-0 से हराया; जिसके बाद रेफरी ने मैच रोक दिया और नीतू घंघास को विजेता घोषित किया। नीतू घंघास 'भारत का मिनी क्यूबा' कहे जाने वाले जिला भिवानी, हरियाणा के धनाना गांव की रहने वाली हैं। पिता जयभगवान की प्रेरणा से साल 2012 से नीतू ने मुक्केबाजी की शुरुआत की। नीतू घंघास के पिता चंडीगढ़ विधानसभा में सरकारी नौकरी करते हैं। वह भिवानी के गांव धनाना में रहकर मुक्केबाजी करती रही हैं। भिवानी के मुक्केबाज बिजेंद्र कुमार ने जब 2008 में देश के लिए ओलंपिक पदक जीता तो उसके बाद से ही नीतू घंघास के पिता व नीतू के दिमाग में मुक्केबाजी का जुनून पैदा हो गया। नीतू ने 2017 में आईबा यूथ वुमन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। वर्ष 2018 में एशियन यूथ बॉक्सिंग में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। साल 2022 में बुल्गारिया में हुई 73वें सरांडजा बॉक्सिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। फरवरी 2022 में नीतू घंघास ने आलंपियन मुक्केबाज मैरीकॉम को हराकर राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में स्थान पक्का किया था। तभी से खेल प्रेमियों को उनसे पदक की उम्मीदें थीं। नीतू उन उम्मीदों पर खरा उतरीं और स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। ■



नीतू घंघास
जन्म : 19 अक्तूबर, 2000

## अपनी बात

**सुबह** की सैर के लाभ : पैदल चलना व्यायाम का एक आकर्षक रूप है। ज्यादातर लोग इसे कर सकते हैं और इसके कई फायदे हैं। प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है। रोजाना टहलने से सर्दी या फ्लू होने का खतरा कम हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि जो लोग सप्ताह में 5 दिन, दिन में कम से कम 20 मिनट टहलते हैं, उनके बीमार होने की संभावना 43 प्रतिशत कम होती है और अगर आप बीमार पड़ते हैं, तो आपके लक्षण हलके होने की संभावना है। बेहतर रक्त संचार। जब आप चलते हैं, तो आपकी हृदय गति बढ़ जाती है और इससे आपका रक्तचाप कम हो जाता है। यह समय के साथ आपके हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और आपके समग्र रक्त संचार में मदद करता है। आप प्रतिदिन 2 मील पैदल चलकर स्ट्रोक के जोखिम को भी कम कर सकते हैं। जोड़ों को सहारा। जब आप चलते हैं तो आपके जोड़ आपस में दब जाते हैं। यह गति और दबाव उन्हें जोड़ों के तरल पदार्थ तक पहुंचने के लिए खोलता है। इससे आपके जोड़ों में अधिक ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचते हैं, जिससे उन्हें काम करने और बेहतर महसूस करने में मदद मिलती है। मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। सुबह की सैर पर जाने से आपको अपने पैर और पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है। **पवन, कांगड़ा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# नकली खाद्य पदार्थ जनता का स्वास्थ्य बिगाड़ते

हिमाचल प्रदेश में आजकल नियमों को ताकपर नकली खाद्य पदार्थ सरेआम बेचे जा रहे हैं। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच करने का समय किसी के पास नहीं है। गली, मोहल्ले और सड़कों किनारे खाद्य सामग्री बेचकर कई लोग जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नकली खाद्य पदार्थ बिक्रेताओं को कौन लाइसेंस मुहैया करवा रहा बड़ी हैरानी की बात है। आजकल उत्सव सीजन चल रहा और ऐसे लोगों की भरमार हर कहीं देखने को मिल रही है। इसी कड़ी के चलते जिला बिलासपुर खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी ने सजगता दिखाते हुए 11 नकली खाद्य पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही को अंजाम दिया है। उम्मीद की जा सकती है कि अन्य जिलों के खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी कुछ सीख लेकर जनता के स्वास्थ्य की अब चिंता जरूर करेंगे। फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर की टीम ने जिले में सब्जी, आइसक्रीम, कुल्फी जवाइन के बिस्कुट शामिल हैं। विभाग ने नवरात्र दौरान नारियल तेल, वनस्पति, घी, चीनी, रस, बिस्कुट, नमक को जांच के लिए कंडाघाट की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा है। ठीक इस तरह की कार्यवाही गत वर्ष भी अमल में लाई गई थी। सुख की सरकार ने बच्चों की मिठाई केंडी पर भी पूर्णतया प्रतिबंध लगाकर सराहनीय कार्य किया था।

उक्त केंडी में मिश्रित किए जाने वाले रंग के इस्तेमाल करने से बच्चों में कैंसर का खतरा उत्पन्न हो सकता था। त्योहार सीजन में नकली दूध,रंगों से बनी मिठाइयां पनीर और दहीं बेचने का काम जोरों पर चलता है। किसानों ने पशु पालन से किनारा कर रखा ऐसे में भारी मात्रा दूध से बनी खाद्य वस्तुओं की जांच करना जरूरी बन जाता है। पड़ोसी राज्य के खाद्य आपूर्ति विभाग अधिकारी की सराहनीय कार्यवाही जनता को सोशल मीडिया में देखने को मिली है। मिठाई, दूध, पनीर को जिस तरह मिलावट करके तैयार करके दिखाया जाता रहा उसे देखकर कोई भी इन्हें खाने से इंकार कर सकता है। कुल मिलाकर आजकल सोशल मीडिया में बहुत अधिक वीडियो देखने को मिल रहे जिनमें लोग सफाई को दरकिनार करते हुए खाद्य पदार्थों को तैयार करते पाए गए है। सच बात यह की आजकल लोग भोजन से कहीं अधिक बाहर का चटपटा खाना अधिक खा रहे हैं। यूट्यूब का अनुसरण करके लोग कई तरह का व्यजन बनाकर बाजारों में उतार रहे हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी कार्यालयों में बैठकर सिर्फ कुछेक नामी दुकानदारों को लाइसेंस वितरित किए जाने तक सिमित हैं। बाजारों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच कोई नहीं करता है।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

नतीजतन खाद्य पदार्थ पूरा दिन धूल, मिट्टी से सन बिना डके हुए बेचे जाते हैं। खाद्य पदार्थों की मैन्युफैक्चरिंग और अंतिम तारीख खाने पीने वाली वस्तुओं पर अंकित किए जाने की हिमाचल प्रदेश में फिलहाल कोई उचित व्यवस्था नहीं है। बिक्रेता गली, सड़ी वस्तुओं को बेचकर जनता के स्वास्थ्य साथ निरंतर खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ऐसे बिक्रेताओं को लाइसेस मुहैया करवाकर राजस्व कमाकर जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा कर सकती है। मगर सरकार के सलाहकार उसे उलटे सीधे टैक्स लगाने की सलाह देकर उसकी फजीहत करवाने में लगे हैं। सुख की सरकार द्वारा मुख्यमंत्री पौष्टिक आहार योजना छात्रों के शारीरिक, बौद्धिक विकास के लिए चलाई गई है। इस योजना तहत स्कूलों में छात्रों को गले, सडे सेब छात्रों को खाने के लिए दिए जाने का मामला उजागर होते ही शिक्षा विभाग सतर्क हो चुका है। शिक्षा निदेशक ने संबंधित स्कूलों से जवाब तलब किया है। हैरानी जनक बात यह है कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाई गई सरकारी योजना का संचालन सही नहीं हो रहा है।

गली, कुचों में बिकते नकली खाद्य पदार्थों की जांच फिर कौन करेगा। गलत खान, पान रहन, सहन चलते अधिकांश लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। मगर बावजूद इसके वह अपनी बुरी आदतों में सुधार नहीं करना चाहते हैं। सुहागब्रत, दीपावली उत्सव दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री कई गुणा बढ़ जाती है। जमीनों में अत्याधिक उर्वरक रसायन डालकर खेतीबाड़ी किए जाने का दौर चल रहा है। जमीनों में ज्यादा उर्वरक डाले जाने की वजह से वह बंजर बनकर रह गई और इंसान बीमारियों का शिकार हो रहा है। उर्वरक रसायन से उत्पन्न होने वाला अनाज इंसान के स्वास्थ्य पर क्या दुष्प्रभाव छोड़ रहा कोई सोचने को तैयार नहीं है?। खेतों में उगे हुए घास को दुधारू पशुओं को डालकर उनके दूध का इस्तेमाल कर रहे हैं। सब्जियों, फलों पर आंखें बंद करके कीटनाशक दवाइयों और स्प्रे का इस्तेमाल किए जाने की वजह से वह जहरीली बन जाती हैं। सब्जी मंडियों में बिना कोई जांच किए बैगर ही ऐसी सब्जियों और फलों में बेचने के लिए बाजारों में उतार दिया जा रहा है। जमीनों में उर्वरक रसायन डालने की वजह से प्राकृतिक जल स्रोतों का पानी भी दूषित बनता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की एक सर्वे रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया कि भारत के कुछेक राज्यों में पानी में यूरेनियम की मात्रा अधिक है। पानी में यूरेनियम की मात्रा अत्यधिक होने के कारण भी लोग किडनी की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। वाहनों और उद्योगों की चिमनियों से उठने वाला काला धुंआ पर्यावरण को ग्रहण लगा रहा है। जंगलों में पेड़ों की भारी कमी कारण अब बारिशें भी बेमौसमी होकर मानव के लिए संकट पैदा कर रही हैं। घरेलू महिलाओं की खाना पकाने में रुचि कम होती जा रही है। नतीजतन लोग चटपटा खाने, डिब्बा बंद चीजे खाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

बाजार की अधिकतर ऐसी खाद्य वस्तुएं मैदे से बनी होती, जो पेट की पाचन क्रिया को प्रभावित करती हैं। आटे में फाइबर की प्रचुर मात्रा होने चलते वह बहुत जल्दी शरीर में पच जाती है। बच्चों सहित आम जनमानस को बाजारों में बिकता खाना बहुत लजीज लग रहा है। ऐसे खाना पकाने में किस गुणवत्ता के तेलों और कितने मसालों का उपयोग किया गया कोई सोचने को तैयार नहीं है।

अधिकतर समय एयर कंडीशनर और पंखों की हवा लेने की वजह से भी लोगों में कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। जोड़ों का दर्द शरीर में रहना, नसों में रक्त का जमाव लोगों की आम समस्या बनती जा रही है। इस समस्या कारण शरीर में विटामिन डी की कमी हो जाती है। खान, पान, रहन सहन सही नहीं, ऊपर से पर्यावरण भी जहरीला होने से आखिर इंसान ऐसे स्वस्थ रह सकता है?। शरीर से पसीना नहीं निकलने की वजह से लोगों में नमक की मात्रा भी अधिक बढ़ रही जिसके चलते मधुमेह सहित हृदयघात जैसी कई बीमारियां भी बड़ी हैं। उचित मूल्य की दुकानों में मिलने वाले राशन की गुणवत्ता भी हमेशा सवालों के घेरे में रही है। ऐसे राशन में प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम की मात्रा में कमी पाई जाती है। गलत खान, पान की वजह से जब व्यक्ति बीमार पड़ रहा तो उसे कोरोना वायरस का मरीज करार दिया जा रहा है। गंभीर बीमारी से ग्रसित होने वाले लोगों को संक्रमण रोगी बताया जा रहा है। इंसान को स्वस्थ रहने के लिए घरेलू खान,पान और नियमित योग अभ्यास किए जाने को पहल देनी होगी।मधुमेह बीमारी पर स्वस्थ जीवन शैली से ही काबू पाया जा सकता है। आम जनमानस को रोजाना योग अभ्यास किए जाने पर अधिक फोक्स रखना होगा जिससे निरोग बना जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# साहित्यिक चोरी एक मानसिक मनोविकृति

साहित्यिक चोरी का मतलब है जो ठीक नहीं है किसी और के काम को बिना उचित श्रेय दिए इस्तेमाल करना कॉपीराइट। अकादमिक लेखन में, साहित्यिक चोरी में किसी स्रोत से शब्दों, विचारों या जानकारी का सही तरीके से हवाला दिए बिना इस्तेमाल करना शामिल है। किसी साहित्यिक कलात्मक कृति के प्रकाशन, बिक्री का अधिकार। प्रतिलिप्याधिकार बौद्धिक संपत्ति जैसे ग्रंथ या कलाकृतियां या कलात्मक साहित्यिक कृति के लेखकों या उत्सर्जनकर्ता को निश्चित समय के लिए दिया गया अधिकार। प्रतिलिप्याधिकार का संबंध जनसंचार से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियों के विशिष्ट रूपों से होता है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वस्तुत: इसका संबंध जनसंचार के समस्त रूपों और पद्धतियों अर्थात मुद्रित सामग्री, ध्वनि एवं टेलीविजन प्रसारण, सार्वजनिक प्रर्दशन वाली फिल्मों एवं सिनेमा इत्यादि से होता है। कॉपीराइट कानून का उद्देश्य व्यक्तिगत रचनात्मकता का संरक्षण एवं संवर्द्धन तथा उसके उत्पाद को यथा संभव व्यापक स्तर पर उपलब्ध करना है। कॉपीराइट के तहत संरक्षित कृतियों के अनुचित उपयोग (अतिक्रमण) के मामलों से निपटने के लिए कॉपीराइट कानून में स्पष्ट धाराएं होती है। इन धाराओं की प्रकृति दीवानी और फौजदारी दोनों तरह की हो सकती है। इसमें से कौन-सी धारा लागू होगी यह अतिक्रमण की प्रकृति पर निर्भर करता है, लेकिन एक बार कॉपीराइट संरक्षण प्राप्त होने के बाद वह कृति सार्वजनिक उपयोग की वस्तु बन जाती है और तब उसका उपयोग कोई भी अनुमति प्राप्त किए बिना ही कर सकता है।

कॉपीराइट कानून बिना अनुमति के विचारों या जानकारी की अभिव्यक्ति को पुन: पेश करने के लिए इसे अवैध माना जाता है। इसके अंतर्गत साहित्यिक कार्य, संगीतात्मक कृतियां, कलात्मक कृतियां, नक्शे एवं तकनीकी रेखा चित्र, छाया चित्र, कंप्यूटर प्रोग्राम, वीडियों काई अन्य मीडिया शामिल हो सकती है। कॉपीराइट संरक्षण प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि कार्य मौलिक हो और उसे लेखक ने ही सृजित किया हो, लेकिन संरक्षण प्राप्ति के लिए यह आवश्यक नहीं है कि कार्य कल्पनाशीलता और अन्वेषणात्मकता की कसौटी पर खरा उतरे। संरक्षण संबंधित कृति की गुणवत्ता अथवा उसके मूल्य से असंबद्ध होता है। एक काम को सिर्फ एक बार ही कॉपीराइट द्वारा संरक्षित किया जा सकता है। यह सन् 1989 में स्थापित कानूनों के अनुसार ही कार्य करता है जो भी कॉपीराइट सामग्री को कॉपी करता है या मूल बात के स्वरूप या समग्री को ही बदल क्यों न दिया गया हो? इसका कोई फर्क नहीं पड़ता है। जब तक सामग्री को वास्तविक रूप से समान अथवा मूल रूप में दर्शाया गया है तो उसे कॉपीराइट अधिनियम का उल्लंघन ही माना जाएगा। (कब तक कॉपीराइट अधिनियम प्रभावी रहता है। इसके लिए सार्वजनिक डोमेन देखे) कॉपीराइट अधिनियम सभी प्रकार के प्रकाशित कार्य कॉपीराइट अधिनियम के अंतर्गत आते है या नहीं। हमने कुछ दिशा-निर्देश को एकत्रित किया है ताकि किसी दिए गए उपयोग की निष्पक्षता का निर्धारण करने में आपको मदद मिल सके। उपयोग की प्रकृति (कॉपीराइट सामग्री) यदि आपने मूल सामग्री का कुछ भाग कॉपी किया है तो ये उचित उपयोग की संभावना नहीं है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**कविता**



### तुम्हें बार बार प्रणाम

शिव सन्याल
जवाली, कांगड़ा

*दुनिया में रह कर सदा, करते हैं अद्भुत काम।*
*यह कलम लिखती हैं तुम्हें, बार बार प्रणाम।*
*घर से बढ़ कर सरहद से, करते हैं जो प्यार।*
*देश के मान-सम्मान में, देते हैं जान निसार।*
*कितने झंझावात हों, पग अड़ते ज्यूं चट्टान।*
*टस से मस होते नहीं, भारत के वीर जवान।*
*बारी जाऊं वीरों पे, शहीदों में जिनका नाम।*
*यह कलम लिखती हैं तुम्हें, बार-बार प्रणाम।*
*हीरे वो देश के, किया सर्वस्व देशहित कुर्बान।*
*गरीब हित के लिए सदा, किया नव उत्थान।*
*जनगण मन के नायक बनें, जनता करे प्यार।*
*कल्याणकारी योजना से, किया जन उद्धार।*
*भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, आते बहुत याद।*
*सुभाष, चंद्रशेखर, उधम ने देश किया आजाद।*
*अनेक वीर ने दी आहुतियां रखी मां की लाज।*
*स्वतंत्र हम हो गए उन सब की बदौलत आज।*
*संविधान अंबेडकर ने दिया, मिसाइल मैन कलाम।*
*यह कलम लिखती हैं, तुम्हें बार-बार प्रणाम।*

# परिवार त्याग कर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की योद्धा रही भीका

सोहराब फ्रामजी पटेल पारसी मुंबई के जाने-माने प्रसिद्ध व्यापारी रहे। उनके गृह सितंबर 24, 1861 में कन्या ने जन्म लिया। माता-पिता ने उसका नाम भीका रखा। वह मेधावी, अनुपम सुंदर, ओजस्वी रही। सोहराब के उस समय नौ बच्चे थे। फिर भी भीका को मां बाप का बहुत प्यार रहा। कक्षा में प्रथम आती और भाषण प्रतियोगिता में उसने कई पुरस्कार पाए। इसकी शिक्षा अलेकजांड्रा नेटिव गर्ल्ज इंग्लिश इंस्टीच्यूशन में हुई। अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान रखती साथ अन्य भाषाओं पर अच्छी पकड़ थी। अन्य भाषाओं को सीखने की प्रवृत्ति अधिक थी। अन्य पारसी परिवारों भांति उस समय सोहराब परिवार राजभक्त था। उनकी राजनीति में रुचि नहीं थी।

अपने काम से काम और परिवार का पालन पोषण लक्ष्य रहा। बड़ी होने पर भीका ने राजनीति, स्वाधीनता की बातें करने शुरू कीं। यह बातें परिवार को पसंद नहीं थी। वे सदा अंग्रेजों की निंदा करती। उनके विरोध में बोलती। उसके इन उग्रविचारों से परिवार दुखी रहता। परिवार ने छुटकारे हेतु उसका विवाह करना उचित समझा। भीका का विवाह अगस्त 3, 1885 को प्राच्यविद खरशेद जी कामा के वकील पुत्र रस्तमवि मकामा से कर दिया। भीका साथ कामा जुड़ गया। परिवार ने समझा था। विवाह के बाद इसमें सुधार आएगा। मां-बाप की इच्छा पूर्ण नहीं हुई। भीका के पति राजभक्त थे और भीका राजद्रोहिणी रही। दोनों का मार्ग रणभूमि हो गया। सन1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई। उस समय भीका 24 वर्ष की थीं। उसकी समर्पित सदस्या बनीं। सन 1896 को मुंबई में पहले अकाल और प्लेग का प्रकोप हुआ। भीका ने सेवामार्ग अपनाया। उसने ग्रांट मेडिकल कालेज की एक टीम में शामिल हो कर काम किया। इस सक्रांमक रोग का प्रभाव भीका पर हुआ। भगवान कृपा और अपने मनोवल से बच गई। बाद इस दुर्वलता ने जीवनभर पीछा नहीं छोड़ा। पति पहले इसके उग्रविचारों से क्रोधित रहते थे। उसकी इस मानव सेवा से द्रवित हुए और भयभीत रहने लगे। इसे स्वास्थ्य लाभ हेतु यूरोप भेजने की बात चली। धन की कमी नहीं थी। भीका जाना नहीं चाहती थी। सन 1901 में विदेश गई और परिवार से संबंध विच्छेद हो गए।



**लेखक : सुदर्शन अवस्थी**
नगरोटा बगवां, कांगड़ा

यूरोप में स्वदेश छूट गया। देशप्रेम नहीं छूटा। यूरोप में जर्मनी, फ्रांस, स्काटलैंड में रही। बाद में सन 1905 में लंदन पहुंची और दादाभाईनौरोजी से संर्पक बना। उनकी निजी सचिव हुई। लंदन में श्यामकृष्ण वर्मा ने इंडिया हाउस बनवाया था। उसमें भारतीय छात्र जो वहां शिक्षा लेते थे। एक प्रकार से उनका निवास और क्रांतिकारियों का अड्डा था। भीका का वहां आनाजाना शुरू हुआ। यहां भीका मासिक पत्रिका दि इंडियन सोशियोलाजिस्ट में लेख लिखने लगी। इसका परिचय श्याम श्रीकृष्ण, सरदार सिंह राणा, विनायक दामोदर, लाला हरदयाल और अन्य क्रांतिकारियों से हुआ। यहां वर्माजी ने पहले ही इंडियन होम रूल सोसायटी नामक संस्था का गठन किया था। यह भारत स्वतंत्रता के प्रचार का काम करती थी। इसमें भीका जीजान से जुट गई और पति से संर्पक टूट गया। अगस्त18, 1907 को जर्मन के स्टूटर्गाट नगर में एक अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन हुआ।

उसमें 1000 से अधिक प्रतिनिधि रूस, मिस्त्र, आयरलैंड , जर्मन के थे। भीका भारतीयों की ओर से प्रतिनिधिरूप में वहां आई। उनके भारतीय वेश में देख कर वहां उपस्थित लोग स्तब्ध रह गए। इसका अच्छा एवं प्रभावशाली भाषण रहा और वहां अपनी साड़ी का पल्ला फाड़ कर तिरंगा फहराया और लांग लिव इंडिया का नारा लगवाया और कहा। यह भारतीय ध्वज है। हमारे हुतात्माओं के बलिदानों, त्याग और तपस्या का प्रतीक है। मेरा स्वाधीनता प्रेमियों से अनुरोध है। सभी एकबार मंच पर खड़े होकर इसका अभिवादन करें। विश्व जनसंख्या का पांचवां भाग हिंदुस्तानी हैं। यही लोग अंग्रेजों का शिकार हैं। देश पीड़ा से कराह रहा है। भारत का धन यहां के वासी वहां का भोग रहे हैं। भारतीय सड़कों पर मर रहे हैं। सम्राज्यवाद, समाजवाद साथ नहीं चल सकते और न रह सकते हैं। हम अंगेज के क्रूरपंजों से निकलना चाहते हैं। इन को हमें मुक्त करना होगा। इस भाषण पर खूब तालियां बजीं। सन 1905 में भारतीय ध्वज का प्रथम प्रारूप वहीं तैयार किया था।

सन 1909 में बंगाल, वर्लिन में फहराया गया था। उस समय कायदे कानून विचित्र थे। इस पर मुहर लग गई । इंग्लैंड के विरोध कारण प्रस्ताव पास नहीं हुआ। भीका का वहां रहना कठिन हुआ। भीक पैरिस चली गई। वहां श्याम वर्मा, सरदार राणा थे। पैरिस क्रांतिकारियों का अड्डा हो गया। यहां से सन 1907 में अमेरिका गई। वहां हिंदुस्तानियों का मर्मस्पर्शी चित्र प्रस्तुत किया। अमेरिका में कई स्थानों पर भाषण दिए। वह एक नंबर की वक्ता थी। वापस लदन आई और कैकसटन हाल सम्मेलन में भाग लिया। उसमें लाल, पाल, नारंग , आगाखां रहे। यहां उसका भाषण उग्र रहा और धाक जम गई। भाषण में कहा। अंग्रेजों से भारत को मुक्त कराने हेतु शस्त्र उठाना हिंसा नहीं। अंग्रेज स्वयं हिंसक हैं। उससे हिंसा से ही निपटना होगा। दूसरी बार उसको पेरिस में छापा। इसका मूल मराठी रहा वाद अंग्रेजी में अनुवाद किया। यह सैकड़ों बमो समान था। उसका घर एक प्रकार से पेरिस हो गया था। यह क्रांतिकारियों का शरण स्थल रहा । भूमिगत कार्य यहीं से होते थे। यहां सेनापति बापट, हेमचंद्र दास और उनके अतिरिक्त का0लैनिन आदि आते थे। कामरेड लेनिन ने कामा को कई बार रूस बुलाया। विशेष कारणों से नहीं गई। दामोदर विनायक के बड़े भाई कवि थे। उनको कालेपानी का दंड दिया था। महाराष्ट्र में उस समय हथियारों की कमी थी। मेरा भारत स्वतंत्र हो। पारसीमूल होने पर कामा ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जो योगदान दिया है। उसका उदाहरण नहीं। अपनी जन्मभूमि भारत में ही नहीं। अपितु विश्व के प्रमुख देशों में परतंत्र भारत के संबंध में फैली भ्रांतधारणाओं का खंडन किया । भारत का गौरव बढ़ाया । लंदन, पेरिस, वर्लिन, जिनेवा की प्रबुद्ध जनता को अपनी ओजस्वी वाणी ,तर्कों, तथ्यों से अवगत करवाया था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कर्मों से भाग्य बदल जाता है, सच्चे मन करना पड़ता है कर्म

जीवन का एक नियम है कि अगर तुम प्रतीक्षा कर सको तो सभी चीजें पूरी हो जाती हैं। आधुनिक मानव रातों रात सफल होना चाहता है सब्र नहीं करता संघर्ष नहीं करता और असफल हो जाता है। प्रतीक्षा का फल मीठा होता है इतिहास साक्षी है की दुनिया में सफल लोगों ने बहुत मेहनत करके मुकाम हासिल किया है। मुसीबतों से डरना नहीं चाहिए राह में कई मोड़ आते हैं, आधियां तूफान आते हैं। ऐसे तूफानों का सामना करना चाहिए, क्योंकि तूफान थम जाता है हौसला रखना चाहिए डरना नहीं चाहिए, डर के आगे जीत होती है। समय पर हर इच्छा पूरी हो जाती है। भाग्य को कर्मों से बदला जा सकता है अतीत बदल जाता है सच्चे मन कर्म करना पड़ता है। बाधाओं को पार करना पड़ता है खून पसीना बहाना पड़ता है। भाग्य बदल जाता है हर दरवाजे खुल जाते हैं, सफलता की कुंजी मिल जाती है।

असफलता भी बहुत कुछ शिक्षा देती है अथक मेहनत से सफलता मिल जाती है। समय के महत्व को समझें और अपनी महत्वकाक्षांओं को पूरा करें। समय के पाबंद बने। अगर समय के साथ नहीं चलोगें, तो पिछड़ जाओगें। समय का प्रबंधन करें। समयसारिणी बनाएं और हर पल का फायदा उठाएं। समय का सदुपयोग करें और अपने जीवन को खुशहाल बनाएं। समय सबसे बड़ा गुरु है। समय एक अनमोल पूंजी है। समय को जिसने भी बरबाद किया, समय ने उसे भी बरबाद कर दिया। समय किसी का इंतजार नहीं करता। समय का सदुपयोग करोगे तो सफलता हासिल करोगे अगर समय का दुरुपयोग किया तो धराशायी हो जाओगे। वक्त का पहिया जब घूमता है तो कंगाल होने में देर नहीं लगती।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

मानव को हमेशा अतीत का आईना देखते रहना चाहिए ताकि अहसास होता रहे कि ऐसे भी दिन थे दिन एक जून की रोटी नसीब नहीं होती थी। आज जब समय बदला तो अपना गुजरा हुआ वक्त भूल रहा है। आदमी भले ही कितना बड़ा बन जाए अतीत की परछाईयां उसका दामन नहीं छोड़ती मरते दम तक साथ रहती हैं। वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए,क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है। समय के पास सबका लेखा जोखा है। मानव को समय से डरना चाहिए न जाने कब कैसा समय देखना पड़े। समय का मिजाज पता नहीं कब बदल जाए। समय ने बड़े से बड़े तानाशाहों को धूल चटा दी जो समय के खिलाफ चले थे, मिटटी में मिल गए। आज मानव के पास अच्छा करने का समय ही नहीं है जबकि बुरा करने के लिए समय ही समय है।

मानव कितन भी अमीर हो जाए अपना गुजरा हुआ समय नहीं खरीद सकता। आज लोग मोबाईल फोन पर समय बरबाद कर रहे हैं। चौबीसों घंटे सोशल मीडिया पर व्यस्त रहते हैं। समय की जिसने कदर की समय ने उसे उचाइयां दी हैं। मानव को चाहिए कि समय के हर एक मिनट और सेकंड व घंटों का सही सदुपयोग करे। जो समय के साथ निर्बाध गति से चला समय ने उसे मंजिल तक पहुंचाया है। समय से डरो अच्छे कर्म करो। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। समय मानव को कई रंग दिखाता है। समय मानव की परीक्षा लेता रहता है। समय का सही मायने में सम्मान करो। समय अनमोल है व दुर्लभ है।

सुख में तो सभी साथ होते हैं मगर दुख में साथ छोड देते हैं ,आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इनकार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है। पैसा ही सब कुछ नहीं होता, मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते है अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। वक्त बदलते देर नहीं लगती इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए। ताकि विपत्तियों का अहसास होता रहे। आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। आज अच्छाई के लिए समय नहीं है। बुराई के लिए हर समय तैयार है। समय एक जैसा नहीं रहता आज अच्छा है कल का पता नहीं कैसा होगा। समय को पहचानों तभी समय आपको एक अलग पहचान देगा। समय रेत की तरह हर पल फिसल रहा है, समय को बांधा नहीं जा सकता यह अटल सत्य है। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है। समय से डरो, समय बदलता रहता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मुहल्ले के दिन देवधुनों से सराबोर हुई 'अठारह करडू की सौह'





देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के छठे दिन देवी-देवता अपने-अपने अस्थायी शिविरों से बाहर निकले और देवलुओं के साथ ढोल-नगाड़ों की थाप पर मुहल्ला में भाग लिया। अठारह करडू की सौह में देवी-देवताओं के आपसी मिलन में ढोल-नगाड़ों की स्वर लहरियों से माहौल देवमयी हो गया। इस दौरान भगवान रघुनाथ जी व नरसिंह की चनणी में उपस्थिति दर्ज करवाई।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के छठे दिन मुहल्ले के दिन सभी देवी-देवता अपने-अपने अस्थायी शिविरों से बाहर निकले और देवलुओं के साथ ढोल-नगाड़ों की थाप पर भगवान रघुनाथजी के शिविर पहुंचे। वहां पर हाजिरी लगाने के बाद देवी-देवता साथ ही बने भगवान नरसिंह की चनणी पहुंचे और वहां पर भगवान नरसिंह की गद्दी के पास शीश झुकाककर वहां से भगवान रघुनाथजी के रथ के पास पहुंचे, जहां पर सभी देवी-देवताओं की बारी-बारी रजिस्ट्रर में एंट्री गई।

शुक्रवार को अठारह करडू की सौह में देवी-देवताओं के आपसी मिलन (मुहल्ला) में ढोल-नगाड़ों की स्वर लहरियों से माहौल देवमयी हो गया। दशहरा उत्सव में आए सभी देवी-देवताओं ने भगवान रघुनाथजी व भगवान नरसिंह की चनणी में अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। साथ ही रघुनाथजी के रजिस्टर में भी बाकायदा हर वर्ष की तरह इस बार भी एंट्री होने के बाद ढालपुर में देवी-देवताओं का महामिलन हुआ। सबसे पहले रजिस्टर में राज परिवार की दादी माता हिडिंबा का नाम दर्ज हुआ, उसके बाद अन्य सभी देवी-देवताओं की भी रजिस्टर में हाजिरी लगी। देवी हिडिंबा माता के फूलों का गुच्छा, जिसे शेश कहा जाता है उसके मिलने के साथ ही मुहल्ला शुरू हुआ। देवी देवताओं के इस देव मिलन को ही मुहल्ला कहा जाता है।

सैकड़ों देवी-देवताओं की यात्रा से ढालपुर मैदान सराबोर हो उठा। अपने-अपने शिविरों से रघुनाथ जी के पास पहुंचे सभी देवी-देवताओं ने रघुनाथ के दरबार में शक्ति का आह्वान किया। सभी देवी-देवताओं के रथ भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में पहुंचे और वहां पर शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया और साथ देवी-देवताओं के गुर व पुजारियों ने वहां पर अपने-अपने देवी-देवता के फूल-चढ़ाकर विधिवत रूप से शक्ति का आह्वान किया। दशहरा उत्सव के छठे दिन लंका पर विजय के लिए शक्ति से रक्षा की अपील की और सातवें दिन शनिवार को लंका पर चढ़ाई की जाएगी। इसी कड़ी में इस बार भी मुहल्ले वाले दिन जहां रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में देवी-देवताओं सहित लोगों का तांता लगा रहा। वहीं, राजा की चनणी के पास काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



दशहरा उत्सव के छठे दिन भगवान नरसिंह की पारंपरिक अंतिम जलेब लाव-लश्कर के साथ निकली व उमड़ा श्रद्धा का सैलाब।

## अंतिम दिन भगवान नरसिंह की जलेब में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के छठे दिन शुक्रवार को भगवान नरसिंह की पारंपरिक अंतिम जलेब लाव-लश्कर के साथ निकली।

मुहल्ला होने के चलते जलेब करीब पौने पांच बजे चनणी से शुरू हुई और इस दौरान देवी-देवता व देवलुओं ने झुमते हुए परिक्रमा पूरी की। अंतिम दिन जलेब में महाराजा कोठी के कुल आठ देवी-देवताओं ने भाग लिया। जलेब में देवी-देवताओं के रथ और सैकड़ों लोग पालकी के आसपास आगे बढ़ते हुए नाच-गाकर चनणी से निकलकर, कॉलेज गेट व रथ मैदान, ढालपुर होते हुए वापस चनणी पहुंचे। देवरथों के साथ चली जलेब में आगे नरसिंह भगवान की घोड़ी और पीछे आठ देवी-देवताओं के साथ थिरकते देवताओं के रथ व देवलुओं से पूरा माहौल देवयमय हो उठा। जलेब के दौरान शहर में सड़कों पर ट्रैफिक कंट्रोल करने में पुलिस जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### जलेब का इतिहास

**मुगलकाल** और ब्रिटिशकाल में भी जलेब की अनुमति थी, तब से लेकर भगवान नरसिंह की जलेब प्रतीकात्मक रूप से आज भी जारी है, जब राजा जगत सिंह ने दशहरा का आयोजन शुरू किया था, तब उन्होंने रारी सौह जिसे आज ढालपुर व अठरह करडू की सौह कहा जाता है उसका लगभग 108 बीघा भूमि का भाग दशहरे के आयोजन के लिए दिया था। इस भूमि पर पहले धान उगाए जाते थे, तब से लेकर आज तक यह भूमि भगवान रघुनाथ जी और उनके छड़ीबरदारों की ओर से दशहरा के आयोजन को निशुल्क दी जाती है, तब से आज तक दशहरे की सुरक्षा कुल्लू जनपद के सभी देवी-देवताओं के हारियानों को दी गई है और भगवान नरसिंह को इनका मुखिया बनाया गया है।



दशहरा उत्सव के छठे दिन भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में हाजिरी भरते हुए देवता।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के छठे दिन मुहल्ले के दिन रजिस्टर में देवी-देवताओं की हाजिरी की प्रक्रिया का निर्वहन करते हुए देवसमाज से जुड़े लोग।



दशहरा उत्सव के छठे दिन मुहल्ला के दौरान राजा की चनणी में भगवान नरसिंह की गद्दी पर विराजमान भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह व उनके साथ पूरा राजपरिवार।



छह देशों के राजदूतों के साथ एंबेसडर मीट के बाद कुल्लवी नाटी करते सभी गणमान्य लोग।

## तेरे मापेआं दी बण गई नूंह वे... पर झूमे दर्शक



प्रस्तुति देते हुए स्टार कलाकार गुरनाम भुल्लर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या पंजाबी स्टार गुरनाम भुल्लर के नाम रही।

वहीं, स्टार कलाकार के साथ-साथ हिमाचली व अन्य राज्यों के कलाकारों ने खूब धमाल मचाया। इस संध्या में स्टार सिंगर के रूप में पंजाबी कलाकार गुरनाम भुल्लर ने एक से बढ़कर एक पंजाबी गीत गाकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को खूब नचाया। उन्होंने तेरे नाल मैं नचदी, तेरे गट नूं कड़ा नी सरदारनिये...., मेरे बेलिया वे तेरे तों मरदे हा.., डायमंड दी झांझर पा देआंग, तेरे मापेआं दी बण गई नूंह वे, जो तेरी मेरी सहित अनेक पंजाबी गीत पेश किए। इसके अलावा हिमाचली और अन्य राज्यों से आए हुए कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते विदेशी कलाकार।

### पायल ने भी नचाया

**सारेगामा** लिटिल चैंप में भाग लेने वावली पायल ने मेरे दिल बीच बसदा तू.....धनवाद तेरा मेरी जिंदगी बीच आउन दा, प्यार करने बाले प्यार करते हैं जिंदगी में शान से, तन भी है मन भी है क्यों धड़कता है दिल आदि फिल्मी गीत के साथ पहाड़ी एक बांकी शोहरी गांवा री गोरी, हो सुमित्रा मिला दी ऐजे आदि गीत गाकर दर्शकों को झूमाया।

### मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री को किया सम्मानित

**इस** संध्या में बतौर मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर उपस्थित हुए, उन्हें मुख्य संसदीय सचिव एवं अध्यक्ष दशहरा समिति सुंदर ने सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यातिथि के हाथों पेंटिंग प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकारों को सम्मानित किया।

## मनाली व आसपास के क्षेत्रों में डायरिया फैलने से हड़कंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के आधा दर्जन से अधिक गांव में डायरिया फैलने से हड़कंप मच गया है।

मनाली के साथ लगते क्षेत्रों गधेरणी, सिमसा, छियाल, नसोगी, गोशाल, मनाली शहर व ओल्ड मनाली क्षेत्र में डायरिया के 17 मामले सामने आए हैं। 14 लोग सिविल अस्पताल मनाली में, जबकि तीन लोग मिशन अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर मरीजों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। सिविल अस्पताल में भर्ती मरीज विमला व दामनी ने बताया कि उनके गांव में गंदा पानी पीने को मिल रहा है। दूसरी ओर जल शक्ति विभाग



के कनिष्ठ अभियंता सनजय ने बताया कि उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों से पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे थे, जो सभी सही पाए गए हैं। विभाग सतर्क है तथा पानी की स्वच्छ आपूर्ति की जा रही है। बीएमओ नग्गर डाक्टर कर्ण ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर मरीजों को प्राथमिक उपचार दे दिया है। 14 लोग सिविल अस्पताल में, जबकि तीन लोग मिशन अस्पताल में उपचाराधीन हैं, जिनमें 13 लोगों को छुट्टी दे दी है।

## ब्यास नदी में मिला शव

**मनाली।** मनाली पुलिस ने बाहंग के पास ब्यास नदी में एक अज्ञात शव बरामद किया है। थाना प्रभारी मनाली मनीष शर्मा ने बताया कि अग्निशमन विभाग की मदद से शव को ब्यास नदी से निकाला गया है। मृतक की उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। पानी में बहने के कारण मृतक के शरीर पर हल्की चोटों के निशान भी हैं। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है अत: शव को कुल्लू के शव गृह में भेज दिया गया है। किसी भी व्यक्ति का कोई सगा संबंधी लापता हो वह कुल्लू जाकर पहचान कर लें।

## देह व्यापार के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

मनाली पुलिस ने देह व्यापार के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के पर्दाफाश करने में बड़ी सफलता पाई है। यह गिरोह पिछले दो सालों से सक्रिय था, लेकिन शिकायत न मिलने पर पुलिस कुछ नहीं कर पा रही थी।

झारखंड निवासी प्रदीप बागति ने साहस जुटाकर अपने साथ हुई ठगी की दास्तां मनाली थाने में बताई, जिस कारण पुलिस इस गिरोह तक पहुंचने में सफल हुई। पुलिस ने झारखंड निवास की शिकायत पर मामला दर्ज कर 12 मोबाइल, एटीएम व कुछ नकदी बरामद की है। पुलिस की माने तो बस स्टैंड, माल रोड व माडल टाउन में इस तरह की ठगी करने वाले गिरोह उनकी रडार पर हैं। वह भी जल्द सलाखों के पीछे होंगे। आरोपियों की पहचान विशाल जुन्गा शिमला,

**12 मोबाइल, एटीएम व नकदी की बरामद, अन्य गिरोह भी रडार पर**

दीपक हाउस नंबर 706 इमालिवाला मोहल्ला देहरा साहिब चंडीगढ़, पूजा डाकघर व तहसील बंजार तथा ज्योति हाउस नंबर 706 इमालिवाला मोहल्ला देहरा साहिब मनीमाजरा के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर

आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुमका बिहार निवासी प्रदीप बागती ने बताया कि वह 16 को लद्दाख से घर जाने के लिए बस स्टैंड मनाली पहुंचा, तो उस समय रात के करीब आठ बजे एक महिला मिली, जिसका नाम मुझे बाद में पूजा मालूम हुआ। वह सस्ते रेट पर (200 रुपए) कमरा किराया पर देने की बात कर अलेउ ले गई। कमरे में पूजा ने साथ सोने के 2000 रुपए मांगे, जैसे ही कपड़े खोले तो महिला पूजा ने फोटो खिंच लिए और अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में एक महिला व दो पुरुष कमरे में आ गए। उन्होंने जेब से 5000 रुपए ले लिए। एटीएम ले लिया और उसमें पड़े 10 हजार भी पिन नंबर लेकर निकाल लिए। उन्होंने धमकी दी कि उनके शिकंजे से छूटना है, तो 50 हजार रुपए का इंतजाम करें।

मनाली थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि इस तरह के अन्य गिरोह भी पुलिस की रडार पर है। जल्द ही वह भी सलाखों के पीछे होंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जो इस प्रकार के गिरोह की ओर से ठगे गए हैं, वो पुलिस में आकर शिकायत दर्ज करें। उनका नाम सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।

## मनाली का स्पैन रिजॉर्ट पांच सितारा होटलों में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

मनाली का स्पैन रिजॉर्ट पांच सितारा होटलों में शामिल हो गया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने सर्टिफिकेट जारी कर इसे पांच सितारा होटल का दर्जा दिया है। स्पैन रिजोर्ट और स्पा नदी के किनारे स्थित है। रिजॉर्ट हरे-भरे पेड़ों और बर्फ से ढके पहाड़ों से घिरा हुआ है, जो इस जगह की आश्चर्यजनक सुंदरता को दर्शाता है।

अतिरिक्त कैलोरी बर्न करने के लिए नवीनतम व्यायाम मशीनों से सुसज्जित ऑन-साइट फिटनेस सेंटर पर जाएं। अपने शरीर को आराम देने के लिए मालिश और स्पा थेरेपी की सुविधा है। परिसर के भीतर शतरंज, कैरम, डाट्‌र्स, बिलियड्‌र्स और टेबल टेनिस जैसी विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां भी उपलब्ध हैं। आउटडोर मनोरंजन के लिए पार्क में थोड़ी दूर टहलने की भी सुविधा है। खुले में भी खेल सकते हैं। नवीनतम तकनीक से सुसज्जित कान्फ्रेंस सेंटर/बैंक्वेट में व्यावसायिक मीटिंग और सामाजिक समारोह आयोजित किए जा सकते हैं। होटल के मैनेजर राकेश नेगी ने बताया कि होटल में कई तरह के पारंपरिक और अंतरराष्ट्रीय व्यंजन परोसे जाते हैं। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय से पांच साल के लिए पांच सितारा होटल का दर्जा दिया गया है।

## जाहलमा को सूखे से मिलेगी निजात, पांच साल बाद शुरू हुआ कूहल का काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लंबे अरसे से पानी की कमी से जूझ रहे लाहौल घाटी के जाहलमा गांव के किसानों की अब पानी के बिना फसल नहीं सूखेगी। प्रदेश सरकार ने ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देते हुए जाहलमा नाले में कूहल का कार्य शुरू कर दिया है। यहां बड़ी चट्टान काटकर कूहल बनाई जाएगी।

जल शक्ति विभाग के लिए हालांकि यह कार्य चुनौति से कम नहीं है, लेकिन विभाग का दावा है कि अगले साल तक कूहल को तैयार कर लिया जाएगा। पांच साल पहले जाहलमा नाले में बाढ़ आने से कूहल टूट गई थी। पिछले कुछ सालों से गर्मियों में



कूहल का काम।

जाहलमा नाला गंभीर रूप धारण कर रहा है, जिस कारण किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है।

ग्रामीण राजेश, रणबीर, विवेक, जगदीश व सुशील ने बताया कि पिछले कुछ सालों से नाले में बाढ़ आने से उनकी कूहल क्षतिग्रस्त है। खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा है, जिस कारण फसलें सुख रही हैं और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब कूहल का कार्य शुरू हुआ, है जिससे उन्हें समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है। इन ग्रामीणों ने कार्य शुरू करवाने के लिए विधायक अनुराधा राणा का आभार जताया है।

"आखिरकार पांच साल बाद जाहलमा नाले में कूहल का काम शुरू हो गया। समस्त ग्रामीणों की ओर से प्रदेश सरकार सहित स्थानीय विधायक अनुराधा राणा का धन्यवाद।

**कृष्णा देवी, प्रधान ग्राम पंचायत जाहलमा**

"विधायक अनुराधा राणा के नेतृत्व में लाहौल-स्पीति जिला विकास की ओर अग्रसर है। जाहलमा के ग्रामीणों की गंभीर समस्या को समझते हुए विधायक ने प्रदेश सरकार के सहयोग से प्राथमिकता के आधार पर हल करने का सराहनीय प्रयास किया है। हालांकि कार्य कठिन है, लेकिन जल शक्ति विभाग अगले साल तक इस कूहल को बनाकर तैयार कर देगा।

**अनिल ठाकुर, महामंत्री लाहौल स्पीति कांग्रेस।**

## युवा थान से बच्चे, युवा और बुजुर्ग दिखा पाएंगे अपनी प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में अब हर उम्र के व्यक्ति अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर पाएंगे और अब इसके लिए जल्द ऑडिशन भी शुरू किए जाएंगे। जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष पंकज परमार की सोच पर आधारित युवा थान के माध्यम से यह कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें बच्चे, युवा तथा बुजुर्ग भाग ले सकते हैं।

वहीं, दशहरा उत्सव के दौरान भी डीजे फैस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया



गया, जिसमें हिमाचल के विभिन्न इलाकों से आए सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के द्वारा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली की रहने वाली मॉडल एवं कोरियोग्राफर दिव्यांगना मेहता विशेष रूप से मौजूद रही। दिव्यांगना मेहता ने बताया कि युवा थान कार्यक्रम के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकता है। मॉडल दिव्यांगना मेहता ने कहा कि युवा थान कार्यक्रम का मुख्य मकसद है कि ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाया जाए क्योंकि आज युवाओं में प्रतिभा तो है, लेकिन उसे उभारने के लिए उनके पास कोई मंच नहीं है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### इंटर मियामी के स्टार मेसी को पहला मार्का अमेरिका पुरस्कार

**फोर्ट लॉडरडेल।** अमेरिकी क्लब इंटर मियामी की तरफ से खेलने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी को पहले मार्का अमेरिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार स्पेन स्थित मीडिया कंपनी देती है जो मेसी की कई उपलब्धियों में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने क्लब या देश के लिए रिकॉर्ड 46 ट्रॉफियां जीती हैं और व्यक्तिगत स्तर पर कम से कम 56 अन्य पुरस्कार हासिल किए हैं। इंटर मियामी के घरेलू मैदान चेस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने कहा,''यह सफर काफी लंबा रहा है। इस दौरान हमने बहुत सी खूबसूरत चीजों का अनुभव किया है, लेकिन इस बीच कुछ विषम पल भी आए। इस 20 वर्ष के सफर में सब कुछ अनुकूल नहीं रहा। आपको हर समय जीत नहीं मिल सकती है।'' मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में विश्व कप जीता था जिसे यह स्टार फुटबॉलर अपने करियर का सबसे बड़ा पुरस्कार मानता है।



### मल्टी टैलेंटिड महिला क्रिकेटर जेमिमा

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार जेमिमा रोड्रिग्स खूबसूरत होने के साथ-साथ काफी टैलेंटिड भी हैं. जेमिमा क्रिकेट के साथ हॉकी की भी शानदार खिलाड़ी हैं. इसके साथ ही वह सिंगर, डांसर और गिटारिस्ट भी हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली जेमिमा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं।



### सिंधू क्वार्टरफाइनल में हारीं, भारत का डेनमार्क ओपन में अभियान खत्म

**ओडेन्से।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू क्वार्टरफाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया टुनजंग से हार गईं, जिससे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। सिंधू (29 वर्ष) करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 9-21 से पराजित हो गईं। इंडोनेशिया की 8वें नंबर की खिलाड़ी टुनजंग ने पूरी तरह मैच में दबदबा बनाया, हालांकि सिंधू फिर भी दूसरा गेम जीतने में सफल रहीं।

### कबड्डी प्रतियोगिता में नालागढ़ ने सलोगडा को हराकर जीती ट्रॉफी



**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगते सलोगडा का तीन दिवसीय विजेश्वर मेले का विधिवत रूप से समापन हुआ। समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में मनीष कुमार एवं मनोज कुमार एवं विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री कुमारी शीला रही। मेले में खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें (कबड्डी खेल)12 टीमों ने भाग लिया। नालागढ़ एवं सलोगडा में कबड्डी का फाइनल खेला गया, जिसमें नालागढ़ की टीम विजय रही। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को समृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया।

## बेंगलुरु टेस्ट | पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने वाली भारतीय टीम अब भी न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे

# पिछड़ने के बाद भारत का पलटवार

**एजेंसी, बेंगलुरु**

सरफराज खान (नाबाद 70) और विराट कोहली (70) के बीच तीसरे विकेट के लिए 163 गेंद में 136 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने तीन मैच की सीरीज के पहले टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी दूसरी पारी को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचा कर मजबूत वापसी की।

टीम को हालांकि दिन की आखिरी गेंद पर कोहली के आउट होने से झटका लगा, जो अपनी 102 गेंद की पारी के दौरान टेस्ट में 9000 रन पूरे करने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बने।

ग्लेन फिलिप्स की गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के दस्तानों पर चली गई। उन्हें दूसरे छोर से सरफराज का अच्छा साथ मिला था, जिन्होंने 70 रन की तेजतर्रार नाबाद पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए।

पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने वाली भारतीय टीम अब भी न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे है।

इससे पहले दिन के दूसरे सत्र में न्यूजीलैंड की पहली पारी 402 रन पर सिमटी। रचिन रविंद्र ने 157 गेंद में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 134 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने टिम साउथी (65) के साथ 8वें विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी कर मैच पर दबदबा कायम किया।

मैच में बने रहने के लिए भारत को अच्छी शुरुआत की जरूरत थी। कप्तान रोहित शर्मा (52) और युवा यशस्वी जायसवाल (35) की जोड़ी ने ऐसा ही किया।



दिन की आखिरी गेंद पर कैच आउट होते विराट कोहली।

दोनों ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए चाय के विश्राम टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। रोहित इस दौरान फ्लिक कर शानदार चौके जड़े तो वही जायसवाल ने कवर क्षेत्र में गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया।

दिन के आखिरी सत्र में एजाज पटेल ने भारत को दो बड़े झटके दिए। उनकी गेंद पर जायसवाल क्रीज से बाहर निकलकर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में गच्चा खा गए और ब्लंडेल ने गिल्लियां बिखेर दी।

रोहित ने हेनरी के खिलाफ लगातार गेंदों में चौका, छक्का और चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगले ओवर में पटेल की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटों से टकरा गयी। उन्होंने 63 गेंद में आठ चौके और एक छक्का की मदद से अर्धशतकीय पारी खेली।

### कोहली के 9,000 टेस्ट रन

**भारतीय** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बन गए। इस तरह कोहली ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल की। अब वह सचिन तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13, 265) और सुनील गावस्कर (10,122) जैसे दिग्गजों की जमात में शामिल हो गए हैं।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी)** 46/10

| न्यूजीलैंड (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लाथम पगबाधा ब. कुलदीप | 15 | 49 | 3/0 |
| कॉनवे ब. अश्विन | 91 | 105 | 11/3 |
| यंग क. कुलदीप ब. जडेजा | 33 | 73 | 5/0 |
| रचिन क. (स्थानापन्न) ब. कुलदीप | 134 | 157 | 13/4 |
| मिचेल क. जायसवाल ब. सिराज | 18 | 49 | 2/0 |
| ब्लंडेल क. राहुल ब. बुमराह | 05 | 08 | 1/0 |
| फिलिप्स ब. जडेजा | 14 | 18 | 1/1 |
| हेनरी ब. जडेजा | 08 | 09 | 2/0 |
| साऊथी क. जडेजा ब. सिराज | 65 | 73 | 5/4 |
| ऐजाज पगबाधा ब. कुलदीप | 04 | 08 | 1/0 |
| विलियस (नाबाद) | 00 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 15 | | |
| **कुल : (91.3 ओवर)** | **402/10** | | |

**विकेट पतन** : 1-67, 2-142, 3-154, 4-193, 5-204, 6-223, 7-233, 8-370, 9-384, 10-402.
**गेंदबाजी** : बुमराह 19-7-41-1, सिराज 18-2-84-2, अश्विन 16-1-94-1, कुलदीप 18.3-1-99-3, जडेजा 20-1-72-3.

| भारत (दूसरी पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल स्टं. ब्लंडेल ब. ऐजाज | 35 | 52 | 6/0 |
| रोहित ब. ऐजाज | 52 | 63 | 8/1 |
| कोहली क. ब्लंडेल ब. फिलिप्स | 70 | 102 | 8/1 |
| सरफराज (नाबाद) | 70 | 78 | 8/3 |
| **अतिरिक्त** | 04 | | |
| **कुल : (49 ओवर)** | **231/3** | | |

**विकेट पतन : 1-72, 2-95, 3-231.**
**गेंदबाजी :** साऊथी 7-1-22-0, हेनरी 11-1-52-0, विलियस 11-1-48-0, ऐजाज 12-2-70-2, फिलिप्स 8-1-36-1.

## सिक्स किंग्स स्लैम के सेमीफाइनल में हारे नदाल

**एजेंसी, रियाद**

राफेल नदाल सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्पेन के अपने साथी खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज से 6-3, 6-3 से हार गए, लेकिन उन्होंने कहा कि वह डेविस कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं जो उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट भी होगा।



राफेल नदाल

विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी यानिक सिनर ने दूसरे सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-7 (0), 6-4 से हराया। सऊदी अरब का टेनिस में यह नया प्रयोग है। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि मिलती है, लेकिन एटीपी रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। नदाल पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह डेविस कप फाइनल खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे।

यह स्टार खिलाड़ी अपनी तैयारी से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा,''एक महीने के अंदर मुझे डेविस कप में खेलना है इसलिए प्रत्येक दिन मेरे लिए बेहतर बनने और अपने टेनिस करियर के इस अंतिम टूर्नामेंट के लिए तैयार रहने का अवसर है। मैं अपनी तैयारी से खुश हूं।'' नदाल शनिवार को तीसरे स्थान के मैच में जोकोविच से भिड़ेंगे जबकि फाइनल में सिनर का सामना अल्कराज से होगा।

## एरिगैसी ने डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स का खिताब जीता

**एजेंसी, लंदन**

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स के फाइनल में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर खिताब अपने नाम किया। एरिगैसी ने क्लासिक शतरंज में दो ड्रॉ मुकाबलों के बाद 'आर्मागेडन गेम' में फ्रांस के खिलाड़ी को पछाड़ा।

एरिगैसी ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान लय बरकरार रखते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने इस जीत से पुरस्कार के तौर पर 20, 000 यूरो (लगभग 18.23 लाख रुपए) हासिल किए। उन्होंने इस नॉकआउट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपने दोस्त आर प्रज्ञानानंदा को शिकस्त दी थी। सोलह



खिलाड़ियों के टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में एरिगैसी ने इंग्लैंड की नौ साल खिलाड़ी शिवानंदा बोधाना को शिकस्त दी। शिवानंदा हाल ही शतरंज ओलंपियाड का हिस्सा बनने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं थी।

एरिगैसी ने इसके बाद अगले दो दौर में क्रमशः विदित गुजराती और प्रज्ञानानंदा को एक समान 1.5-0.5 के अंतर से हराया। वाचिएर-लाग्रेव ने फाइनल में विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज एरिगैसी को कड़ी टक्कर दी लेकिन 'आर्मागेडन गेम' में पिछड़ गए। इस जीत के साथ एरिगैसी 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं।

## ग्रीन की अनुपस्थिति से ऑस्ट्रेलिया का संयोजन प्रभावित होगा : स्टार्क

**सिडनी।** स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की अनुपस्थिति से भारत के खिलाफ होने वाले पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के समीकरण बदल जाएंगे और इससे स्पिनर नाथन लियोन का कार्यभार बढ़ सकता है। ग्रीन अपनी पीठ संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सर्जरी कराएंगे, जिसके कारण वह कम से कम छह महीने तक खेल से दूर रहेंगे।



ऑस्ट्रेलिया के पास मिशेल मार्श के रूप में एक और ऑलराउंडर है, लेकिन स्टार्क का मानना है कि ग्रीन की अनुपस्थिति से ऑस्ट्रेलिया का संयोजन प्रभावित होगा। स्टार्क ने कहा,''जब आपको कैमरन ग्रीन जैसे अदद ऑलराउंडर की सेवाएं नहीं मिलती हैं या जब बेन स्टोक्स इंग्लैंड की टीम में नहीं होते हैं तो इससे समीकरण बदल जाते हैं।''

उन्होंने कहा,''जब आपके पास वह अदद ऑलराउंडर होता है जो कुछ समय से टीम का हिस्सा रहा हो। उसके बाहर होने से आप गेंदबाजी में नए विकल्पों की तलाश में जुट जाते हैं। मैं नहीं जानता कि हमारा गेंदबाजी संयोजन कैसा होगा।''

## टी-20: ऑस्ट्रेलिया को हराकर दक्षिण अफ्रीका फाइनल में

**एजेंसी, दुबई**

दक्षिण अफ्रीका ने कसी गेंदबाजी के बाद एनेके बोश (नाबाद 74 रन) के शानदार अर्धशतक की बदौलत छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को आठ विकेट से हराकर उलटफेर करते हुए आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया।

दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी। दोनों टीमों के बीच 2023 सत्र का फाइनल खेला गया था, जिसमें आस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी।

दक्षिण अफ्रीका ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहीं बोश की आठ चौके और एक छक्के जड़ित 48 गेंद की नाबाद पारी की मदद से 17.2 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम का 8वीं बार फाइनल में प्रवेश करने का सपना तोड़ दिया। इससे पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद धीमी शुरूआत करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पांच विकेट पर 134 रन ही बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया ने 2009 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में सभी नौ सत्र में सेमीफाइनल खेले हैं। दक्षिण अफ्रीका की जीत में कप्तान लौरा वोलवार्ट (42 रन) और बोश के बीच दूसरे विकेट के लिए बनी 65



मैच जीतने के बाद खुशी मनाती दक्षिण अफ्रीका की खिलाड़ी।

गेंद में 96 रन की आक्रामक भागीदारी ने अहम भूमिका निभाई। वोलवार्ट ने 37 गेंद में तीन चौके और एक छक्का लगाया जबकि तजमिन ब्रिट्स ने एक चौके और एक छक्के की मदद से 15 गेंद में 15 रन बनाए।

## भारतीय जूनियर टीम सुल्तान जोहोर कप में जापान के खिलाफ करेगी आगाज

**एजेंसी, जोहोर ( मलेशिया )**

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता दिग्गज पीआर श्रीजेश को भारत के नए जूनियर पुरुष हॉकी कोच के रूप में अपनी पहली बड़ी परीक्षा का सामना शनिवार को यहां जापान के खिलाफ करना पड़ेगा, जब अंडर-21 टीम 12वें सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान का आगाज करेगी। इस 36 वर्षीय पूर्व गोलकीपर ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कांस्य जीतने के बाद खिलाड़ी के तौर पर खेल को अलविदा कह दिया था। उन्होंने इसके तुरंत बाद जूनियर टीम की बागडोर संभाली, जो सुल्तान जोहोर कम में चौथी बार चैंपियन बनने के इरादे से मैदान में उतर रही है।

भारत ने मई 2023 में जूनियर एशिया कप में अपने आखिरी मुकाबले में जापान पर 3-1 से जीत हासिल की और 2022 के सुल्तान जोहोर कप में भी इस टीम को 5-1 से हराया था। कप्तान आमिर अली ने कहा, ''टीम नए मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में अच्छी



आमिर अली

ट्रेनिंग कर रही है और हम उनके साथ अपना पहला टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्साहित हैं। पिछली बार जर्मनी से हारने के बाद, हम अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके थे। इस बार हमारी तैयारी अच्छी है और हम प्रतियोगिता में किसी भी टीम से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।''

भारतीय टीम 2013, 2014 और 2022 में इस खिताब को जीत चुकी है। टीम इस स्पर्धा में चार बार दूसरे स्थान पर भी रही है।

जापान के बाद भारतीय टीम 20 अक्तूबर को ग्रेट ब्रिटेन, 22 अक्तूबर को मेजबान मलेशिया और फिर 23 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। भारत ग्रुप चरण में 25 अक्तूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना आखिरी मुकाबला खेलेगा। लीग चरण में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें 26 अक्तूबर को फाइनल में भिड़ेंगी।

## क्रिकेट | इंग्लैंड को 152 रन से रौंदा, स्पिनर नोमान और साजिद ने झटके सभी 20 विकेट

# स्पिनरों ने पाकिस्तान को दिलाई शानदार जीत

**एजेंसी, मुल्तान**

नोमान अली और साजिद खान ने स्पिनरों की मददगार पिच पर सभी 20 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 152 रन से हराकर घरेलू धरती पर लंबे समय से जीत हासिल करने के इंतजार को खत्म किया।

बाएं हाथ के स्पिनर नोमान ने दूसरी पारी में 46 रन देकर आठ विकेट लिए और इस तरह से मैच में 11 विकेट हासिल किए। उनकी शानदार गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में मैच के चौथे दिन पहले सत्र में ही 144 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 111 रन देकर सात विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर साजिद ने दूसरी पारी में 93 रन देकर दो विकेट लिए। इन दोनों स्पिनर की कमाल की गेंदबाजी से 297 के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी इंग्लैंड की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई।

शान मसूद की कप्तान के रूप में यह पहली जीत है। पिछले साल टेस्ट टीम का कप्तान बनने के बाद उन्हें लगातार छह मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम ने सुबह दो विकेट पर 36 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन उसके बल्लेबाज टर्न लेती पिच पर असहाय नजर आए। साजिद ने दिन की अपनी दूसरी गेंद पर ही ओली पोप को आउट कर दिया। इसके बाद नोमान ने बाकी बचे सात विकेट हासिल करके पाकिस्तान को यादगार जीत दिलाई।



स्टोक्स को स्टंप आउट करते रिजवान।

हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद टीम की कमान संभालने वाले कप्तान बेन स्टोक्स ने अजीबोगरीब अंदाज में आउट होने से पहले टीम की तरफ से सर्वाधिक 37 रन बनाए। साजिद पर लंबा शॉट खेलने के इरादे से आगे बढ़कर खेलने वाले स्टोक्स के हाथ से बल्ला छूटकर बैकवर्ड स्क्वायर लेग की ओर चला गया और वह स्टंप आउट हो गए। ब्रायडन कार्स ने 27 रन की अपनी पारी में साजिद पर तीन छक्के लगाए, लेकिन इससे हार का अंतर ही कुछ कम हो पाया।

### 44 महीने बाद अपने घर में जीता टेस्ट

**पाकिस्तान** की टीम 44 महीने बाद अपने घर में कोई टेस्ट मैच जीती है। उसने अपने घर में पिछला टेस्ट फरवरी 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी में जीता था। तब पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 95 रन से हराया था।

### इस टेस्ट के लिए कड़े फैसले लिए थे

**पाकिस्तान** की टीम ने इस टेस्ट के लिए कड़े फैसले लेते हुए कई बड़े बदलाव किए थे। इनमें बाबर आजम, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को बाहर बैठाना शामिल था। बाबर की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर आए कामरान गुलाम ने पहली पारी में शतक जमाया तो स्पिनर साजिद खान ने इंग्लैंड को पहली पारी में सात झटके दिए। दूसरी पारी में नोमान अली की स्पिन गेंदों का कहर बरपा और उन्होंने आठ विकेट लिए।